Fortnightly per copy Rs. 4/- only

ओ३म्

18th January 2018

# आर्य जीवन
# ఆర్యజీవన్

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Date of Publication 2nd & 17th of every month, Date of Posting 3rd & 18th of every month

# తెలంగాణే నా కుటుంబం

## రాష్ట్ర ముఖ్యమంత్రి శ్రీ కె. చంద్రశేఖర్ రావు గారు


### రిజర్వేషన్స్ పెంపుపై మా మాట కరెక్ట్ అన్న ముఖ్యమంత్రి

### ముస్లీం రిజర్వేషన్స్ పై డేంజర్ అని అన్న రాజ్‌దీప్ సర్‌దేసాయి

ముస్లీం రిజర్వేషన్స్ కాదు సామాజిక ఆర్థిక వెనుకబాటుతనమే ఆధారం అన్న ముఖ్యమంత్రి

ఇండియా టుడే కాన్‌క్లేవ్ సౌథ్‌లో మాటమంతి

SCANNED
27 JAN 2018
Name..................



- ఇండియాటుడే కాంక్లేవ్ సౌథ్‌లో ముఖ్యమంత్రి కేసీఆర్ స్పష్టీకరణ.
- అభివృద్ధిలో ఏపీతో పోలికే అనవసరం.. గుజరాత్, తమిళనాడులకన్నా ముందున్నాం.
- రాష్ట్రాలతోనే కేంద్రానికి బలం.. సహకార సమాఖ్యను బలోపేతం చేయాలి.
- హైదరాబాద్‌ను రెండో రాజధానిగా చేస్తామంటే స్వాగతిస్తాం.
- 50 శాతం రిజర్వేషన్లు నిరుపేదలకు సరిపోవడం లేదు.
- రాష్ట్రాలకే నిర్ణయాధికారం ఇవ్వాలి.. పార్లమెంటులో పోరాడుతాం.
- ప్రగతిభవన్ నా ఇల్లు కాదు.. తెలంగాణ ముఖ్యమంత్రి నివాసం.
- నా కుటుంబసభ్యులకు పదవులు.. ప్రజల తీర్పుతోనే వచ్చాయి.
- అవినీతి ఆరోపణలు చేయడం కాంగ్రెస్‌కు ఫ్యాషన్.
- మేం స్వతంత్రం.. స్వతంత్రంగానే ముందుకు వెళ్తాం.
- వివిధ అంశాలపై ప్రముఖ జర్నలిస్ట రాజ్‌దీప్ సర్దేశాయ్‌తో ముఖాముఖి.

- Muslim population in Telangana is about 14%.
- Justice Rajender Sachar Committee recommended reservations for OBC Muslims but not for all Muslims
- Whether 12% reservations to Muslim OBCs is relevant or not is a questionable.
- Rajdeep Sardesai says it will be a dangerous entry.
- CM advocates reservations on population based ratio and questions about the more quota of Tamilnadu and Karnataka.
- Population ratio based reservations may raise the competition between the religious groups for growing more population of their respective groups rather than to reduce it.
- Present population of country is about 125 crores.
- Growing population is a prime hurdle for development and to provide justice to all.
- Debate on reservations and population ratio is invitable and a serious issue.

# अमेरिका के आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष श्री जीतेन्द्र अभि जी

## (हैदराबाद के मूल निवासी) का आर्य प्रतिनिधि सभा आ.प्र.-तेलंगाना में आगमन

प्रतिनिधि सभा के अधिकारियों ने श्रीअभि जी का सादर सम्मान करते हुए चित्र में सभा मंत्री विठ्ठल राव आर्य, सभा उपप्रधान हरिकिशन वेदालंकार एवं डॉ. वसुधा शास्त्री, सभा उप मंत्री रामचन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव तथा अंतरंग सदस्य अरविन्दकुमार शास्त्री









# WHAT DOES CULTURE MEAN?

The English word 'Culture' comes from a Latin root 'Colere', which means to 'till' or to 'worship' The first meaning is implied in the word 'culture' and the second in 'culti'. Whether the root is the same in both the cases or two different roots have come to be identified by undergoing certain change is a question for philological researchists. But 'cult' and 'culture' are not too remote. To 'till' and to 'worship' appear to be two different processes, but if we just think what worship is meant for, we shall find that tilling and worship have certain kinship which it is not difficult to detect.

That 'culture' is a particle in the words 'agriculture' or 'horticulture' is by no means accidental. The true meaning of the word culture is inherent there. Tilling is a process whereby the potentialities of a seed are brought into actualization. The tree exists in the seed though in a potential form, What we call 'agriculture' is a process whereby we bring those potentialities into action And the best 'tiller' or 'agriculturist' is one that does not allow any of the ptentialilties to remain undeveloped or die out 'Culture' is similarly a process by which the potentialities inherent in a soul are brought to perfect actualization. The world is a garden. The souls or animate beings are tiny seed with a store of potentialities inherent in them. The richness of soil and the efficiency of gardenership are necessary for the full growth of seeds. Similarly, certain environments and conditions are essential for bringing the potentialities of the animate beings to full development

Happily, Sanskrit language has a word which is a most appropriate synonym of the word culture. That word is krishi (कृषि) which also means 'to till'. Krishti (कृष्टि) is another word derived from krishi. This word has very often been used in the Vedas. 'Krishti'[1] (कृष्टि) in the Vedas means a fully cultured man. Sometimes it means a common man too But the idea is the same The English word 'man' can easily be traced to Sanskrit 'Manu' or 'Manushya' which means a thinking being. Similarly, 'Krishi' which has commondly come to mean 'man' is really speaking one whose potentialities has bloomed forth into a full tree.

What does 'culture' mean then? Culture includes all things, big or small, from beginning to end, which contribute towards the actualization of sentient being's potentialities or seed powers (बीज शक्ति in Sanskrit) It is a sum total of many things which play their part in their own places, but whose function is severally and jointly to turn the seed into to fully-grown tree Krishti or man is that tree, and all those small or great things which help in the fullest development of this man go by the collective term 'culture'

We are habituated to speak of culture or cultures rather loosely, just as we are accustomed to talk of 'man' A half development child is a man. All are men, from devil upto angel, from an ignorant wretch upto a wise man. They are men, not because of the instrinsic connotation of the term 'man' but because of the analogy which only makes languages possible Man means a thinking being. But an unthinking fool is also a man, not because the term 'man' etymologically holds good in this case, but because has extended the term, from inner meanings to the outer form. The same holds goods in

The case of culture or cultures. There is good agriculture and there is bad agriculture. Good agriculture means all the processes that eke out all that in the seed, without allowing any part thereof to die out. Bad agriculture produces harvest, but not so excellently. An untrained farmer tills the soil, sows the seeds, irrigates the famr and reaps the harvest. But the yield of this farm is not so good or so much as that of a trained farmer's field. There was something wrong somewhere in the way in which the untrained farmer worked perhaps the soil was bad or was not well-tilled and well manured. Perphaps there was too much or too little watering. Perhaps Perhaps there was too much or tool little watering. Perhaps the season chosen was

inappropriate or full amends were not made for the defects of the weather. Perhaps a good deal was allowed to waste while reaping the harvest. Any one or all these factors combined stood in the way of the fullest possible yield and we say "the man is a poor agriculturist'' a scientifically trained farmer would be more cautious and would work differently.

The same is the case with culture. There are cultures and cultures. The best culture is that which contributes to the fullest growth of man without handicaps or wastage. That which fails is, to the extent of its failure, a bad culture. Just as there are all kinds of agriculturists in this world, good, bad and indifferent- similarly there are all sorts of cultures which produce man, but with different results qualitatively or quantitatively or both. Of late, there has been a tendency to discuss things in terms of culture. When a nation declares war with another nation, id does not say 'we want such and such territory or such and such market for commerce.'' It says, 'We fight for culture, We stand for cultural growth of a section of humanity. How far this please right is a difficult question. But one thing is clear. Such plea pays and pays well. It makes the offender appear less selfish. It successfully invites the sympathies of the world. It gives a white face to the black interior. All the wars of this centre and the last have been cultural was as far as proclamations of the fighting parties are concerned. Both claim culture as the motive of ht ewar. We indulge in killing man in order that 'man' be best developed. In other words, we burn seeds in order that they many better germinate Black selfishness is coated with white culture. Misery, blood-shed and chaos are the yields. The reason is that we have forgotten the real significance of culture. A set of formulas, fanciful or formed with selfish ends in view, sell in the market with fascinating labels as this culture or that culture. All that glitters is not gold, but glittering is a widely acknowledged mark of gold and it is the only thing that sells in the market. There have sprung up organizations with glittering name s(religion), philanthrophy, sociology etc.) which advertise their goods with all the ability that a propagandist can command. They claim superiority of their own set of formulae.

A poor customer is bewildered at the display of so many varieties of cultures in the market. Which to follow or which to reject? How to discriminate between pure gold and alloy? Yet, there is a silver lining to the dark cloud. When there is a cry for culture, it must be followed by a desire to know what culture is? Fraud can work for a time and to a limited circle. Truth must prevail in the end Our bitter experiences must lead to inquisitiveness and inquisitiveness to search after truth.

This has come to be true. For a few centuries, western countries have been holding up their glittering cultures for public view. They have been successful in throwing into background past cultures. It was thought half a century ago that long strides which scientific advancement has made recently will bring new heavens and man would after all find a panacea for all ills. But the last few decades of strife and animosities have proved beyong doubt that we were mistaken. We threw our pearls and took instead delusive gauds. Not only could we not turn grey sheep into white, our white ones have become black. Man sought to be an angel and he became a brute. We have atleast been convinced that we are in a fairyland where there is nothing substantial.

And things are not what they seem. If all that so long and so far passed by the name culture has resulted into the burnings of our farms and destroying our harvest, we must try to find out where the mistake lies. What is true culture? That is the question. The question must be answered before we set our on our journey. What is the use of crying when the whole milk has been spilt? If at the end of our life, we find out that we took to a wrong road, of what avail is such a discovery? The failures of our forefathers must be our guide.

**CIVILIZATION AND CULTURE**

It has often been asked if culture and civilization are synonymous and if not what is the relation between the two. In many cases culture and civilization are interchangeable terms. A cultured nation is a civilized nation and a civilized nation is a cultured nation. But going deep we find that, though allied, they are two different things.

The word civilization has

come to have a set meaning. Modern writers have dubbed certain nations as civilized and certain as semi-barbarian or barbarian. In the terminology of the nineteenth or twentieth century all white nations are civilized, all yellow nations semi-civilized, and all blacks skinned, or black souled are unvicilized. It appears that our skins are like transparent glass vessels, exhibiting the colour of the substance with they contain How can a skin be white unless it encloses a white heart? And how can a black skin contain a heart which is anything but black. Then all the is European is civilized and also all that has migrated from Europe. The Americans are civilized because their forefathers migrated from Europe. The rest of America is uncivilized. The Australians and the white population of Eastern and South Africa are also civilized. And for the same reason, as the rest of the world Non-Europeans are therefore un-civilized. What is the criterion? White and non white colour. Then there is one more criterion All Christians are civilized? And all non-Christians non-civilized A white European Christian is therefore thrice blesses and therice-civilized. He is civilized by dint of his country, by dint of his colour and by dint of his religion. What virtues make him so is immaterial. What vice exclude others from the zone of civilization is also immaterial. To refer to a famous writer on civilization, Mr. Clive Bell, we are told that he rules out 'from among the characteristics of civilization such qualities as justice, humanitarianism, respect for human life etc.... because they are found, perhaps in a much greater degree, among the less civilized and un-civilized peoples."[1] But that is what a self-supposed civilized man thinks for himself. There are others too who do think in the same terms. Which man is there, however ignorant; however wretched and however shabby, who might think that he is uncivilized, unless compelled to do so under physical pressure? The Chinese think that they are the only chosen people-wise, holy and civilized, All others are inferiors'. A Moslem of Arabia thinks that light first dawned upon Mohammad the prophet. Before his advent it was all dark in Arabia and in the world. And even now those are civilized who have got their hearts illuminated by Mohammad's light. Ask an orthodox Hindu-Brahman of Banaras. He thinks that others are so un-civilized that if it were given to him, he would not tolerate even their touch.

But if civilization is not a meaningless term, it needs a more rational treatment. In the previous chapter we saw what culture means? Cannot ciyilization too submit to such an examination?

'Civilize' is a verb from "civil" Civil means social or pertaining to society. Civilization is, thus, something which makes man social. Man is, no doubt, a social animal. He loves society. Society-hating men are only exceptions. But the size of the Society is not fixed and it much depends upon the inner qualities of a man. The members of a society are compelled to surrender some of their interests to the well being of other members. It is the basis of the formation of a society. My society therefore, depends, in nature as well as in size, upon capacity to surrender my interests for the sake of others. My heart is the hall in which the member of my society sit. How capacious is my heart is a question. Whom and how far can I accommodate in this hall? To socialize myself means. Therefore, to widen my heart, to make room in it for the greatest number of sentient beings. Big halls of brick and mortar do not make a real society. It is the largeness of the heart which is needed. This is the esoteric meaning of civilization and really speaking every man is civilized to the extent of the largeness of his heart. But there is an exoteric meaning also. Dr. Dhirendra Nath Roy in his book "The Spirit of Indian Civilization" asks a pertinent question. 'Is there any civilization without some form of agriculture, industry, language, literature, arts, science, morality, philosophy and religion?" No, truly no But why? Are the nine things enumerated here arbitrarily fixed? No, they have a firmer basis. They all spring originally from a desire of man to surrender his own interests to the welfare of others.

Modern advancement of science has done much good to humanity. It has provided man with unprecedented comforts and conveniences. It has added luster to human living. But there is one very great loss that it has done to manking. It has narrowed down man's heart. The trend of thinking of Darwin and

1. The Spirit of Indian Civilization by D.N. Roy.

his successors has been to impress upon man that selfishness reigns supreme in nature. "The survival of the fittest" is their motto. And unfortunately"the fittest" in their sense means "the physically strongest" A strong fish eats up a weaker one. This is the law of the dwellers of the ocean. The wolf eats the lower animals who are weaker than he. The lion is the strongest of all, therefore he eats up all. This is the law of the jungle. Man is after all a part of nature. How can he stand an exception to the general rule? It is why Bell says that humanitarianism is no qualification of a civilized people. It exists where there is no civilization at all "Struggle for existence" has, of late, been too common a phrase. It has narrowed down the walls of the heart. We think that the only lesson that nature teaches is that we cannot exist unlees we kill others. Killing is therefore, a characteristic of civilization. It has succeeded in receiving testimonials from the civilized world. Upto the end of the nineteenth century, the whole of Asia was dark and uncivilized in the eye of the Western World. In the beginning of the twentieth century, a small portion of Asia came into lime-light. It was Japan. The Japanese boasted that as they did not learn how to kill, they were uncivilized. Now that they killed Russians and the world that they had a capacity to kill, they were allowed a place in the galaxy of civilized people. Their yellow colour became white and they came to be respected. What is the lesson that humanity learnt from it? If you want to be civilized, give up the milk of humanitarianism. Mercy is weakness of a timid brain They strong are never merciful. 'Mercy is a double blessing' says Shakespeare, 'Mercy is all-round curse, says the modern scientist.

But does this attitude of mind make him social or civil? Does is make him 'civilized' Is cruelty to others the only lesson which nature teaches? Is man made to follow the example of the fish or the wolf? Are there no better preceptors? Can we exist at all if struggle for existence is the sole occupant of our thought? Reader, just think of you birth. What were you when you were born? A tiny drop of blood, with no power for struggle. Your very existence hung in the balance. The mother to whom you own your being was constantly thinking of your life, at the expense of herown. She invited untold sufferings to herself in order that you might live. She risked her very life for your sake. She was ready to die for you. This is the first pattern of life that you began to experience. It is rather unfortunate that you were unfit to observe it at your birth. And it is a hundred times more unfortunate now that you have power to see, you shut your eyes against it. It is written in the Shatapatha Brahmana that mother is one's first guru or preceptor. It is in more senses than one that the maxim holds good. Not only does mother given us suck. Or teach us language, she puts before us an example which is the basis of all civilization It is not the struggle for one's own existence, but struggle for the existence of others What would have been our fate if the survival of the strongest were the law? And where shall we exist if only the strongest are allowed to survive? The mother is surely stronger than the child. And yet the child survives the mother. Why? Because the mother surrenders some of her might to the well-being of her weaker babe. This is the germ of civilization which nature has put into the nature of our mothers.

Ekohma Bahusysm (एको हं बहुस्याम)
(I am one, let me be many)

This is the wish of every parent. And it is this wish which ought to be the basis of all society. It is a pity that the modern scientist overlooks this law which is omni-potent and omni-present. It reigns the land as much as the air or the ocean. We say that nature is a great killer. We being to follow nature in its work of killing. We want to be a great killer, so that we might be more in ture in tune with nature. But we forest that nature bears too. Killing is not its first action. It first bears life, then sustains it It is only after these two actions that the third action, that of killing, takes place. She first bears, then kills. We do not bear, but kill. Do we not being at the wrong end of the line? If motherness is eliminated from the world, if we succeed in driving out from nature all that goes by the name kindness, what society will there by? What civilization? What is then the meaning of civilization? Civilization, as we have already said, is the act of civilizing The act by which we become civil or social, we learn how to live in a society, how to surrender our interests for the

Contd...on page 14

# नवीन और प्राचीन शिक्षा प्रणाली की तुलना

## व्रतेन दीक्षामाप्नोति दीक्षयाप्नोति दक्षिणाम् । दक्षिणा श्रद्धामाप्नोति श्रद्धया सत्यमाप्यते ।।

-यजुः १९।३०

अर्थ- इस वेदमन्त्र में परमात्मा जीवों को उपदेश करते हैं कि जब मनुष्य सत्य को जानने के लिए अपने चित्त मे दृढ़ व्रत धारण करता है कि चाहे मुझे संसार में कितना ही दुःख हो, चाहे मेरे शरीर की कैसी ही दशा हो, परन्तु मैं सत्य को प्राप्त किये बिना नहीं रहूँगा, उस समय ही वह सत्योपदेश सुनने का अधिकारी होता है ।

हम संसार में देखते हैं कि ऐसा कोई मत अथवा सम्प्रदाय नहीं जिसमें सत्य को प्रशंसा न हो और जो मिथ्याभाषण को बुरा न समझता हो । वैदिकधर्म तो ललकारकर कह रहा है-

**नहि सत्यात् परो धर्मो, नानृतात् पातकं परम् ।**

अर्थ-सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं और झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं ।

शेख सादी कहता है कि-

ईसाई मत भी सत्य को उत्तम बताता है, परन्तु जिस समय हम न्यायालय में देखते हैं तो वहाँ ईसाई, मुसलमान, हिन्दू, ब्राह्म और आर्य सारांश यह कि प्रत्येक मत के अनुयायी झूठी साक्षी देते हुए दीख पड़ते हैं, जिससे पता चलता है कि ये लोग झूठी साक्षी के बदले मिलनेवाले मात्र आठ आने के लालच में सत्य को त्याज्य मान लेते हैं । यदि बाजार में जाकर देखते हैं तो दो आना की वस्तु के अढ़ाई आना माँगनेवाले सैकड़ों दिखाई पड़ते हैं जिससे पता चलता है कि ये लोग सत्य को दो पैसे से भी तुच्छ समझते हैं । जिस सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं, जो सत्य परमात्मा की प्रसन्नता का हेतु है, वह सत्य ऐसी शोचनीय दशा में क्यों ? इसका उत्तर यह है कि व्रत न होने के कारण मनुष्यों ने सत्योपदेश से लाभ नहीं उठाया । जैसे कोई बिना जोते हुए खेत में पोस्त का बीज बो दे तो प्रथम तो वह हरा ही नहीं होगा और यदि कहीं धरती नर्म=कोमल हुई और वह हरा भी हो गया तो फल कभी नहीं आता, इसी प्रकार जो व्रत से रहित आत्मा हैं उनपर प्रथम तो सत्योपदेश का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ता और यदि पड़ा भी तो अधिक समय तक नहीं ठहरता । इसी कारण प्राचीन ऋषि वेदों की शिक्षा के लिए जो 'सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है', ब्रह्मचर्यव्रत को आवश्यक बताते थे, परन्तु जब से ब्रह्मचर्यव्रत नष्ट हो गया तभी से क्रियाशील विद्वानों का उत्पन्न होना कठिन हो गया और इसीलिए मनुष्य सत्य की गुण-गरिमा को जानते हुए भी तदनुसार आचरण नहीं करते ।

जब व्रत धारण करने के पश्चात् उपदेश होगा तो उसका प्रभाव अवश्य पड़ेगा । केवल उपदेश सुन लेने से सुख नहीं मिल सकता, उपदेश पर आचरण करने से दक्षिणा अर्थात् सुख मिलता है । सुख से श्रद्धा उत्पन्न होती है, जिससे उसका सत्य पर दृढ़ विश्वास हो जाता है और अन्य मनुष्यों को भी सत्य पर विश्वास हो जाते है, अतः देश में भलाई फैलाने के लिए यह आवश्यक है कि क्रियाशील विद्वान् उत्पन्न हों ।

इस बात से कोई मना नहीं कर सकता कि उत्पन्न करना मनुष्य की शक्ति के अधीन है और संसार में शक्ति या शासन केवल विचारों का ही है । विचार ही हैं जिनसे कि एक मृतकजाति जीवित बन सकती है । विचार ही हैं जिनसे एक जीवित जाति मृतक हो सकती है । विचार ही हैं जो सदाचारी को दुराचारी एवं दुराचारी को सदाचारी बना सकते हैं । विचार ही हैं जो शूरों को कायर और कायरों को शूर बना सकते हैं । अब देखना यह है कि विचार कहाँ से उत्पन्न होते हैं ? उत्तर मिलता है कि शिक्षा ओर सङ्गति से । जिस प्रकार की शिक्षा मिलेगी या जैसा सङ्ग होगा वैसे ही विचार हो जाएँगे । सुतरां देश के विचारों के सुधार के लिए आवश्यक है कि शिक्षा में सुधार किया जाए । स्वार्थ एवं पक्षपात को छोड़कर निर्णय करना उचित है कि हमें किस प्रकार की शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे हमारे देश का दुर्भिक्ष दूर हो, रोग निवृत्त हों, असत्य का नाश हो, कायरता भागकर शूरता आये, स्वतन्त्रतापूर्वक कार्य करने की शक्ति हो, सत्यासत्य का विवेचन कर सकें और शारीरिक, आत्मिक तथा सामाजिक उन्नति हो सके ।

यद्यपि इस देश में नाना प्रकार की शिक्षाएँ हैं, परन्तु आज देश की आँखें जिस ओर लग रही हैं वे दो ही प्रकार की हैं - एक तो प्राचीन शिक्षा जिसे पूर्वीय शिक्षा भी कह सकते हैं और दूसरी नवीन शिक्षा जिसका नाम पाश्चात्य शिक्षा है । बहुत-से मनुष्य कहते हैं कि दीपक का प्रकाश पूर्व में हो या पश्चिम में, उसके मूल में कोई भेद नहीं हो सकता, इसी प्रकार शिक्षा (विद्या) एक ऐसा धन है वह चाहे पश्चिम में हो चाहे पूर्व में, उसमें शब्दभेद तो हो सकता है, परन्तु अर्थभेद कभी नहीं हो सकता, और जब अर्थभेद नहीं है तो उसे दो प्रकार की कहना उचित नहीं हो सकता । इसका उत्तर यह है कि यद्यपि प्रकाश एक ही वस्तु है, परन्तु चिमनी जिस रङ्ग की लगाई जाएगी, उसी रङ्ग का प्रकाश दीखने लगता है । भिन्न प्रकार के वेष्टन लगने से नेत्रों पर भिन्न प्रकार का प्रकाश पड़ता है जिससे पता चलता है कि उपाधिभेद से प्रकाश में भी भेद हो जाता है, अतः पूर्वय और पाश्चात्य शिक्षण-प्रणाली, आचार-व्यवहार एवं रीति-रिवाज के कारण शिक्षा में बहुत अधिक अन्तर दीख पड़ता है, नहीं-नहीं, जिस प्रकार पूर्व और पश्चिम एक-दूसरे के विरुद्ध हैं जिनका मिलना असम्भव है, इसी प्रकार पूर्वय और पाश्चात्य शिक्षा भी आग और पानी की भाँति परस्पर विरुद्ध ही हैं जो कभी मिल नहीं सकतीं । जो मनुष्य प्राचीन तथा पाश्चात्य शिक्षा को मिलाकर एक कर देना चाहते हैं वे भारी भ्रम में हैं, क्योंकि पूर्वीय शिक्षा परोक्ष को उत्तम समझती है और पाश्चात्य शिक्षा प्रत्यक्ष को, अतः दोनों के एक-दूसरे के विरुद्ध होने के कारण दोनों का एक ही उद्देश्य रहना, लाभ के बदले हानिकारक होगा । पूर्वीय शिक्षा का मोटो 'आदर्श' है-**राइट इज़ माइट,** (Right is Might) अर्थात् सत्य ही शक्ति है, परन्तु पाश्चात्य शिक्षा का मोटो (आदर्श) इसके विरुद्ध यह है - **माइट इज़ राइट,** (Might is Right) अर्थात् शक्ति ही सत्य है । अर्थात् जिसकी लाठी उसकी भैंस ।

पूर्वीय शिक्षा सभ्य उसे बताती है जो दूसरों को हानि पहुँचाये विना अपना जीवन

व्यतीत करते हैं, परन्तु पाश्चात्य शिक्षा इसके नितान्त विरुद्ध है, क्योंकि यूरोपियनों की सम्मति में जो शक्ति अपने विरोधियों को हानि न पहुँचा सके वह सभ्य कहाये जाने के योग्य नहीं। उदाहरणार्थ जापान को जापान को ही देख लीजिए। यद्यपि जापान में शिल्प एवं शिक्षा आदि सब उत्तम गुण बहुत पहले से ही विद्यमान थे, परन्तु जापान की गणना असभ्य देशों में थी, क्योंकि उसने इस बात का परिचय नहीं दिया था कि उसमें दूसरी जातियों के लाखों मनुष्यों को काट देने की शक्ति है, परन्तु जहाँ उसने रूस के तीन-चार लाख मनुष्य काट डाले, झट उसकी गणना सभ्य जातियों में होने लगी। अब जापान को कोई भी असभ्य देश नहीं कहता। चीन तथा भारतवर्षादि को तो अभी तक लोग असभ्य कहते हैं, परन्तु ईश्वर न करे कि ये दश बी किसी देश के दस-बीस लक्ष मनुष्यों को काटकर अपनी निर्दयता का परिचय देकर ये भी सभ्य कहलाने लगें। उपर्युक्त उदारणों से यह तो निश्चित हो गया कि पूर्व और पश्चिम की शिक्षा में परस्पर विरोध है और उनका एक-साथ मिलना असम्भव है। अब यदि दोनों में से एक शिक्षा दी जाए तो कौन-सी हितकारक होगी-इस बात का विचार करना है।

यह तो प्रत्येक मनुष्य मानता है कि शिक्षा एक प्रकाश है जिसका उद्देश्य मार्ग बतलाना है। आओ ! हम देखें कि पाश्चात्य शिक्षा से मनुष्य को अपना जीवनोद्देश्य जान पड़ता है अथवा नहीं और उसे अपने हानि-लाभ का ज्ञान होता है अथवा अज्ञान-अन्धकार में ही अपना जीवन-यापन करता है। इस तथ्य को जानने के लिए आप किसी योग्य ग्रेजुएट से मिलकर पूछें-'मनुष्य-जीवन का उद्देश्य क्या है?' तो बहुधा वे यही उत्तर देंगे कि खाओ, पियो, मौज उढ़ाो, परन्तु जब उनसे कहा जाता है कि ये बातें तो पशुओं में भी हैं। जिन पशुओं का मांस मनुष्य खाते हैं, उन्हीं का सिंह, श्वान और भेड़िये भी तो खाते हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में मौनव्रत धारण करके अपनी सत्यप्रियता का परिचय देते हैं, क्योंकि जिस मनुष्य को अपनी वास्तविक पूँजी का पता न हो उसे हानि-लाभ का ज्ञान कैसे हो सकता है ? इसी प्रकार जो मनुष्य जीवात्मा की वास्तविकता और उसके स्वरूप से अपरिचित हैं, उन्हें मनुष्य के जीवनोद्देश्य का ज्ञान किसी प्रकार हो सकता है ? दूसरी ओर पूर्वीय शिक्षा में जिस दिन बालक का जन्म होता है उसी दिन उसको शिक्षा दी जाती थी कि उसके जीवन का उद्देश्य क्या है ? बहुत-से लोग प्रश्न करेंगे कि हमने तो जन्म के दिन ही कभी किसी को शिक्षा देते हुए देखा नहीं, परन्तु यदि किसी ने किसी आर्य पुरुष के घर में जातकर्म-संस्कार होते हुए देखा है तो उसने देखा होगा कि प्रथम तो पण्डित ने एक कटोरे में मधु और घृत मिलाया, फिर एक स्वर्ण की सलाई लेकर बालक की जिह्वा पर 'ओ३म्' लिख दिया और उसके कान में कह दिया कि 'वेदोऽसि' तेरा नाम वेद है। इस कार्यवाही को बहुत-से मनुष्य तो पोपलीला समझते हैं और कतिपय मनुष्य मूर्खता के समय की कुरीति समझते हैं, परन्तु तत्त्वज्ञानी जानते हैं कि आचार्य ने बालक को जीवन-पर्यन्त के कर्तव्य कर्मों को बता दिया। उसने बताया कि जिस प्रकार तेरी जिह्वा के लिए सबसे मीठा पदार्थ यह मधु है, जिस प्रकार तेरे शरीर के लिए यह घृत सबसे अधिक बल देनेवाला है और जिस प्रकार तेरी सांसारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह स्वर्ण लाभदायक है, उसी प्रकार तेरी आत्मा के लिए यह 'ओम्' है।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि इसमें जीवात्मा के स्वरूप का तो वर्णन किया ही नहीं गया !, परन्तु ऐसा नहीं। आचार्य ने कान में यह शब्द कहकर कि 'तेरा नाम वेद है' इसका भी वर्णन कर दिया, क्योंकि वेद शब्द जिस धातु से बना है, उसका अर्थ है सत्ता, अर्थात् ऐसी वस्तु जो तीनों काल में रहे; वे ज्ञान और लाभ हैं। इससे विदित होता है कि जीवात्मा तीनों काल में रहनेवाला द्रव्य है, जो ज्ञानवाला है और संसार में लाभ उठाने के लिए आया है और वह लाभ क्या है ? ईश्वर-प्राप्ति !, परन्तु यदि वर्त्तमान समय में आप किसी स्कूल में जाकर पूछें कि तुम पढ़कर क्या करोगे तो अस्सी प्रतिशत विद्यार्थी नौकरी ही बताएँगे। भला, जिस शिक्षा का उद्देश्य ही सेवकाई हो उससे देश को कहाँ तक लाभ हो सकता है ?

**एङ्गलो**-जो मनुष्य राज्यभाषा (अंग्रेजी भाषा) पढ़ाना अच्छा नहीं बताते अपितु प्राचीन शिक्षा को उत्तम बताते हैं, वे निरे मूर्ख हैं।

**वैदिक**-प्रत्येक मनुष्य जिसे ईश्वर ने बुद्धि दी है, सब कार्य लाभ को देखकर किया करता है। जिस कार्य से हानि हो उसे कोई बुद्धिमान् करना नहीं चाहता। जिस शिक्षा से देश को लाभ न पहुँचे वह चाहे राज्यभाषा हो या सम्राट्भाषा, उसके लिए परिश्रम करना निरर्थक है।

**एङ्गलो**-आङ्गलभा,ा से देश को बहुत-से लाभ पहुँचे हैं। पुराने धोतीप्रसादों को तो बुद्धि ही नहीं थी, अतः वे और उनके अनुयायी अपनी मूर्खता से आङ्गलभाषा को बुरा बताते हैं, अन्यथा इसके लाभ तो सूर्य से भी अधिक प्रकाशित होकर दीख रहे हैं।

**वैदिक**-इस शिक्षा से किस प्रकार का लाभ देश को हुआ है यह उन्हें बाताना चाहिए-दुर्भिक्ष का लाभ, प्लेग, मुकद्दमेबाजी का लाभ शारीरिक लाभ, आत्मिक लाभ, आर्थिक लाभ अथवा चारित्रिक लाभ ?

**एङ्लो**-क्या दुर्भिक्ष आंगल (अंग्रेजी) शिक्षा का फल है ? कदापि नहीं वरन् देश की जनसंख्या बढ़ती जाती है और प्राचीन शिक्षा ने भिखारियों की संख्या बढ़ा रक्खी है, इसी से दुर्भिक्ष फैल रहा है। यदि देशवासी शिल्प सीखते तो यह अधोगति नहीं होती।

**वैदिक**-कृपानिधान !यदि विचार करके देखें तो सब बुराइयाँ इसी दासता (नौकरी करने) की शिक्षा के कारण उत्पन्न हुई हैं। इस शिक्षा के पदार्पण करने के पूर्व देश में शिल्पादि सब विद्यमान थे। अब भी देश में इतना अन्न उत्पन्न होता है कि जिसे तीन वर्ष तक भी देश खा नहीं सकता। भीख माँगनेवाले निस्सन्देह देश के लिए भार हैं, परन्तु उनसे देश को इतनी हानि नहीं जितनी कि अंग्रेजी पढ़े हुओं से। श्रीमन् ! यह सब आपकी ही कृपा का फल है।

**एङ्गलो**-यह सब व्यर्थ की बकवास है। अंग्रेजी शिक्षा से देश को आर्थिक सहायता पहुँचती है। भीख माँगनेवाले को तुम देश के लिए भार समझते हो और अंगेरजी-शिक्षा से जो हानि देश को होती है उसके लिए तुमने कोई तर्क नहीं दिया, अतः तुम्हारा कथन युक्तिशून्य है।

**वैदिक**-यह तो मानी हुई बात है कि हमारे देश के शिक्षित मनुष्य अन्य देशों से कुछ कमाना नहीं जानते और न ही विदेशों से आजतक कोई विशेष द्रव्य इनकी कृपा से भारतवर्ष में आया है। भारत में इसके तीन

समुदाय हैं, प्रथम स्वतन्त्र समुदाय अर्थात् वकील और बैरिस्टर; इस समुदाय से देश को कितना आर्थिक लाभ पहुँचता है इसको मोटी समझवाला मनुष्य भी विचार करने से जान सकता है, क्योंकि वकीलों को विदेशियों से तो कुछ मिलता नहीं, किन्तु जिसका मुक़द्दमा वे लड़ाते है उससे वे पाँच रुपया सैकड़ा अवश्य लेते हैं, परन्तु मुक़द्दमा करनेवाले को साढ़े सात सैकड़ा कोर्टफीस और न्यून-से-न्यून ढाई रुपया सैकड़ा तलबाना आदि में देना पड़ता है, जिससे स्पष्ट विदित है कि जब किसी मुक़द्दमेवाले को पन्द्रह रुपये की हानि हो, तब वकील साहब की केवल पाँच रुपये मिले, मानो भारत की हानि में एक-तिहाई उन्हें मिलता है । इस समय यदि भारतवर्ष में ५००० वकील मान लिये जाएँ और प्रत्येक की औसत आय तीन सौ रुपये मान ली जाए तो वकीलों को पन्द्रह लक्ष मासिक की आय या यों कहिए कि भारत को ४५ लक्ष मासिक की हानि होती है । इसके अतिरिक्त जितने वकील बढ़ते जाएँगे उतनी ही मुक़द्दमेबाजी बढ़ती जाएगी, क्योंकि यदि मुक़द्दमाबाजी न बढ़े तो ये वकील खाएँ कहाँ से ? और मुक़द्दमेबाजी में जितने समय तथा किराये आदि के कारण द्रव्य का नाश होता है वह तो प्रत्यक्ष है ही । परमात्मा न करे, यदि वकीलों की संख्या पाँच हज़ार से बढ़कर पचास हज़ार हो जाए तो हाँ इस समय देश को पैंतालीस लक्ष मासिक का घाटा पड़ता है, वहां साढ़े चार करोड़ रुपये मासिक या चव्वन करोड़ वार्षिक तक यह संख्या पहुँच जाए । दूसरा समुदाय अर्थस्वतन्त्र अर्थात् डॉक्टरों का है । ये भी विदेश से तो कुछ कमाते नहीं, जिससे कि देश को लाभ पहुँचे । यह अवश्य है कि जहाँ य रोगी से दो रुपये फ़ीस लेते हैं वहीं उनसे दो रुपया विदेशी ओषधि के लिए भी उठवा देते हैं, जिससे देश को थोडी-बहुत हानि ही होती है । अब रहा तीसरा समुदाय नौकरों का । उनकी यह दशा है कि बी.ए. पास करने में चार सहस्त्र रुपया व्यय होता है और बड़े परिश्रम से कहीं चालीस रुपये मासिक का वेतन मिलता है, अर्थात् एक रुपया सैकड़ा का ब्याज तो मिलता है, परन्तु बेटा और मूलधन दोनों मारे जाते हैं । इसके अतिरिक्त विदेशी वस्तुओं के प्रचार से जितनी क्षति देश के शिल्प को पहुँची है, उसके कारण भी हमारे पाश्चात्य शिक्षा पाये हुए भाई ही हैं । यदि विदेश से कुछ धन आता है तो उन्हीं कृषकों के श्रम से जिन्हें गँवार और अनपढ़ कहते हैं ।

**एङ्गलो**-सम्पूर्ण भारतवर्ष मूर्ख और कायर था । यदि इसमें कुछ आत्मिक बल उत्पन्न कर दिया है तो पाश्चात्य शिक्षा ने ही ।

**वैदिक**-आप किसी स्कूल में जाकर पूछें कि छात्र पढ़कर क्या करेगे तो ९० प्रतिशत का उत्तर होगा कि 'नौकरी' । भला, जिन लोगों का उद्देश्य ही नौकरी या दासता हो, उनमें बुद्धि और आत्मिक बल का तो नाम भी नहीं हो सकता । निस्सन्देह वाचालता तो बहुत दीखती है, परन्तु आचरण इसके विपरीत पाया जाता है । बड़े-बड़े लोगों की, जो सुधारक होने का दम भरते हैं, आत्मिक निर्बलता के उदाहरण विद्यमान हैं । यदि आत्मिक बल उत्पन्न हो सकता है, तो उसी प्राचीन शिक्षा से, क्योंकि प्राचीन समय के ब्रह्मचारी नौकरी की इच्छा से पढ़ने नहीं जाते थे और न ही उस समय ऐसी दूषित शिक्षण-प्रणाली थी ।

**ऐङ्गलो**-इस समय की शिक्षाप्रणाली में क्या दोष है और प्राचीन में क्या गुण थे तथा किस अभिप्राय से ब्रह्मचारी शिक्षा पाने जाते थे ?

**वैदिक**-तुम प्रतिदिन देखते हो कि स्कूल में धनी और कङ्गालों के बालक जब पढ़ने जाते हैं तो धनी के बालक अपने माता-पिता की आर्थिक अवस्था के अनुसार भोजन और वस्त्र पाते हैं । धनी का बालक निर्धन के मोटे और मैले वस्त्रों और भोजन को देखकर घृणा करता है कि यह कङ्गाल मेरे पास क्यों बैठता है ? उधर कङ्गाल का बालक धनी के बालक के उत्तम भोजन और वस्त्रों देखकर ईर्ष्या करता है कि मुझे ऐसा क्यों नहीं मिलता ? बस, जितनी शिक्षा बढ़ती जाती है उतनी ही घृणा और ईर्ष्या भी बढ़ती जाती है । हमारे देश के योग्य पढ़े-लिखे भाई जब विलायत से पढ़कर आते हैं तो उन्हें दीन भारतीयों से मिलने में भी घृणा होती है, परन्तु प्राचीन शिक्षाप्रणाली इसके सर्वथा विरुद्ध थी, क्योंकि प्राचीन समय में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य को द्विज कहते थे, जिसका अर्थ दो जन्मवाला है । पहला जन्म (संसारी) माता-पिता से होता था और दूसरा जन्म विद्यामाता एवं गुरुपिता से होता था, अथवा यों कहिए कि जितने बालक गुरुकुल में शिक्षा पाते थे उन सबके माता-पिता एक हो जाते थे, जिससे कि उन्हें भोजन और वस्त्र एक-सा मिलता था तथा उनका बर्ताव एक-सा होता था, जिसका फल यह था कि वे एएक माता-पिता की सन्तान होकर ईर्ष्या और घृणा से रहित होते थे । अब लीजिए वह उद्देश्य जिनकी पूर्ति के लिए ब्रह्मचारी शिक्षा पाते थे । उसका चिह्न प्रत्येक ब्रह्मचारी के गले में यज्ञोपवीत विद्यमान है । यद्यपि यज्ञोपवीत आजकल ताली बाँधने या शपथ खाने के अतिरिक्त किसी अन्य काम का नहीं, परन्तु जो लोग इसके तत्त्व को जानते हैं, उन्हें पता है कि इसका नाम 'व्रतबन्ध'='प्रतिज्ञासूत्र' है अर्थात् ब्रह्मचारी जो प्रण करके शिक्षा प्राप्त करने जाता है उसका यह बतानेवाला है, और गाँठ इसलिए दी जाती है कि जिस समय उस गाँठ को देखें तो उन्हें प्रतिज्ञाओं का स्मरण हो जाए । बहुत-से मनुष्य प्रश्न करते हैं कि आजकल वे व्रत क्यों स्मरण नहीं आते ? इसका उत्तर यह है कि वास्तव में यज्ञोपवीत तीन तार का होता है, परन्तु आजकल आपके गले में दो यज्ञोपवीत हैं । जबतक प्रत्येक ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य के गले में एक ही यज्ञोपवीत रहा, उस समय तक तो उसे पता लगता रहा, परन्तु जब से पुरुषों ने स्त्रियों को मूर्ख रखकर उपर शासन करने के अभिप्राय से उनका यज्ञोपवीत भी उतारकर अपने गले में डाल लिया, उस समय से ही उसका आशय समाप्त हो गया । बहुत-से मित्र कहेंगे कि तीन तार के यज्ञोपवीत का क्या आशय था ? उसका उत्तर यह है कि ब्रह्मचारी प्रतिज्ञा करता है कि मैं तीन आश्रमों को पूर्ण करूँगा अर्थात् ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ । चतुर्थाश्रम संन्यास के प्रारम्भ में ही यज्ञोपवीत उतार दिया जाता है । दूसरी प्रतिज्ञा यह है कि मैं तीन ऋणों को अर्थात् देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण जो प्रत्येक मनुष्य पर हैं, चुकाऊँगा ।

**प्रश्न**-हमने तो देवताओं से कोई ऋण लिया नहीं, फिर हमपर देवऋण कैसा है ?

**उत्तर**-तुम नित्यप्रति शुद्ध वायु सेवन करते हो और अशुद्ध करके निकालते हो, शुद्ध जल पीते हो और अशुद्ध करके निकालते हो तथा शुद्ध अन्न खाते हो और अशुद्ध करके निकालते हो जिससे स्पष्ट है कि तुम्हारे शरीर से वायु, जल, एवं पृथिवी को प्रतिदिन हानि पहुँचती है । जब कोई मनुष्य ऋण लेता जाए और

चुकाए नहीं तो थोड़े समय उपरान्त कुर्की होने लगती है। हम लोग देवताओं को क्षति तो पहुँचाते हैं, परन्तु उनसका बदला नहीं देते, अतः देवताओं के बिगड़ने से प्लेगादि महामारियों के रूप में कुर्कियाँ होने लग गई हैं।

तीसरी प्रतिज्ञा ब्रह्मचारी यह करता है कि मैं वेद के तीनों काण्ड अर्थात् ज्ञान, कर्म और उपासना को पूर्ण करूँगा। चौथी प्रतिज्ञा यह करता है कि सत्, रज, तम् तीन गुणवाली प्रकृति को पार करके परमात्मा को प्राप्त करूँगा। पाँचवीं प्रतिज्ञा यह करता है कि जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीन अवस्थाओं को पूर्ण कर मुक्ति को प्राप्त करूँगा और तीन प्रकार का जो बर्ताव है अर्थात् बड़ों का आदर, बराबरवालों से प्रेम तथा छोटों पर दया-इसका सर्वदा आचरण करूँगा। इसी प्रकार की और भी प्रतिज्ञाएँ हैं जिन्हें पूरा करने के लिए शिक्षा प्राप्त करते थे।

सबसे महान् गुण प्राचीन शिक्षाप्रणाली में यह था कि वह मनुष्य के शरीर को सुदृढ़ तथा आत्मा को बलवान् बनाती थी और आपस में इतना प्रेम उत्पन्न करती थी कि मनुष्य एक माता-पिता की सन्तान हो जाते थे, परन्तु वर्त्तमान शिक्षाप्रणाली से मनुष्य का शरीर निर्बल हो जाता है, स्वास्थ्य बिगड़ जाता है, क्योंकि स्कूल और कॉलेजों में इस बात का कोई बन्धन नहीं कि विद्यार्थी विवाहित है या अविवाहित और न ही उनकी आवश्यकताओं को कम करने की ओर ध्यान दिया जाता है, किन्तु आवश्यकताओं को बढ़ाकर उनकी आत्मा को इतना निर्बल कर दिया जाता है कि वे नौकरी या बेईमानी से द्रव्योपार्जन के लिए बाध्य हो जाते हैं। वर्त्तमान शिक्षाप्रणाली अवश्य ही मनुष्य को बेईमान=अधर्मी बना देती है। उदाहरणार्थ एक मनुष्य के पाँच बालक हैं और बीस रुपये वेतन मिलता है। अब यदि यह अपनी सन्तान को पढ़ाता नहीं तो निम्नलिखित श्लोकानुसार वह अपनी सन्तान का वैरी और पापी बनता है-

**माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।**
**न शोभते सभामध्ये हंस मध्ये बको यथा॥**

**अर्थ**-वे माता-पिता अपने सन्तानों के वैरी होते हैं जो अपनी सन्तान को पढ़ाते नहीं, क्योंकि अनपढ़ जन सभा में मान नहीं पाते, जैसेकि हंसों में बगुला की शोभा नहीं होती।

यदि वह पढ़ाने का यत्न करता है तो कॉलेज या स्कूल जहाँ भी भेजता है वहाँ पर छात्रावास एवं शिक्षणालय का शुल्क मिलाकर न्यून-से-न्यून दस रुपये मासिक एक बालक के लिए माँगते हैं। इस प्रकार पाँच बालकों के लिए पचास रुपये मासिक की आवश्यकता है और वेतन बीस रुपये मात्र है। अब यदि बेचारा घूँसादि से कमाकर बालकों को पढ़ाता है तो बेईमान होता है। सबसे बड़ा दोष तो यह है कि देश में जो चर्चा निर्धनता और इस बात की फैली हुई है कि देश के शिक्षितजन देश और जाति-सम्बन्धी कार्यों में योग नहीं देते, इसका कारण भी वर्त्तमान शिक्षाप्रणाली ही है, क्योंकि वर्त्तमान शिक्षाप्रणाली बाल-विवाह को नहीं रोकती, अतः देश में निर्धनता फैलती है, जैसे एक बालक का ८ वर्ष की अवस्था में विवाह किया जाता है और उसमें एक सहस्त्र रुपया व्यय होता है। अब यदि बालक १८ वर्ष की अवस्था में विवाह से लाभ उठाने योग्य हो तो दस वर्ष तक एक सहस्त्र के ब्याज की हानि हुई जो लगभग दो सहस्त्र होता है। यदि १८ वर्ष की अवस्था में बालक का विवाह किया जाता है तो एक सहस्त्र होता है। यदि १८ वर्ष की अवस्था में बालक का विवाह किया जाता है तो एक सहस्त्र के तीन सहस्त्र होते, मानो विवाह का व्यय देकर दो सहस्त्र बचा रहता है।

इसके अतिरिक्त कन्या मर जाए तो उसे पुनः विवाह करने में पुनः धन लगाना पड़े, और जो वर मर गया तब तो जीवनपर्यन्त दुःख अर्थात् बाल विधवा घर में बैठी हुई समय व्यतीत करे। इधर जाति से भय न करने का यह कारण है कि जाति का उनपर कोई ऋण नहीं। यदि उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है तो अंग्रेजी गवर्नमेण्ट के प्रबन्ध तथा अपने माता-पिता के धन से, फिर वे जाति-सेवा करें तो क्यों करें?, परन्तु प्राचीन शिक्षा इन सब दोषों को दूर करती थी। प्रथम तो वह ब्रह्मचारियों की आवश्यकताओं को कम करना सिखाती थी, जिससे वे शरीर के दास बनने के बदले देह के स्वामी बनते थे। ब्रह्मचर्य धारण करने से शरीर सुदृढ़ होता था। वेदों की शिक्षा और ईश्वरभक्ति से आत्मा बलवान् एवं गुरु को पिता और विद्या को माता मानने से सब भाई बनते थे, जिससे समाज बलवान् होता था। 'संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात् शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करना' ऋषि दयानन्द के इन शब्दों का अर्थ प्राचीन शिक्षाप्रणाली को प्रचलित करना है, जिसको ऋषि ने दूसरे अवसर पर कहा था कि 'वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।' अब यदि कोई पढ़े-पढ़ावे नहीं तो सुनना-सुनाना किस प्रकार हो सकता है?

प्राचीन शिक्षाप्रणाली में अधर्मी बनाने का दोष नहीं था, क्योंकि किसी को भी पढ़ाने के लिए व्यय वा फीस नहीं देनी पड़ती थी। वेद ने २५ वर्ष में अधिक-से-अधिक दश सन्तान उत्पन्न करने की आज्ञा दी है, जोकि गणित से ढाई वर्ष में एक बालक होता है। जब एक बालक ढाई वर्ष का हुआ, उस समय दूसरा पाँच वर्ष का और तीसरा साढ़े सात वर्ष का, परन्तु पाँचवें वर्ष की समाप्ति वा आठवें वर्ष के आरम्भ में ब्रह्मचारियों का गुरुकुल जाना आवश्यक है, अतः घर में दो ही बालक रह सकते हैं। इनमें छोटे की देखभाल माता और बड़े की पिता करता था और शेष सब बालक गुरुकुल में होते थे। गुरुकुल में विवाहित नहीं लिये जा सकते थे, अतः उन सबका ब्रह्मचारी रहना आवश्यक था। इससे न तो बालविधवाओं की संख्या बढ़ती थी, न ब्याज से घाटा होकर निर्धनता बढ़ती थी और न ही शरीर दुर्बल होता था। सब ब्रह्मचारी सात वर्ष तक तो माता०पिता के द्रव्य से पलते थे और १८ वर्ष तक गुरुकुल में शिक्षा पाते थे, जहाँ उन्हें देश वा जाति की ओर से व्यय मिलता था, अतः यदि वे सात भाग माता-पिता के कृतज्ञ होते थे तो उनपर १८ भाग जाति का ऋण होता था, जिसका उतारना वे अपने जीवन का उद्देश्य समझते थे। यदि हम ध्यानपूर्वक विचार करें तो प्राचीन शिक्षाप्रणाली के समय शरीर और मस्तिष्क बलिष्ठ होने के कारण हम जगद्गुरु कहलाते थे और चक्रवर्ती राजापर्यन्त सुख भोगते थे तथा नौकरी के इच्छुक न थे, परन्तु वर्त्तमान शिक्षा ने हमारे मस्तिष्क बिगाड़कर विलायती बना दिये, जिससे देशी वस्तुएँ हमें रुचिकर ही नहीं होतीं, इसीलिए हमारे देश के शिल्प का अन्त हो गया और शिक्षित समुदाय जो नये-नये आविष्कारों के द्वारा विदेश से धन कमाता था अब दासता का अभिलाषी एवं देश के धन को दूसरे देश

में भेजकर दुर्भिक्ष फैलाने का कारण हो गया। प्राचीन शिक्षा से देश में कैसे-कैसे मनुष्य उत्पन्न होते थे और नवीन से कैसे-कैसे मनुष्य उत्पन्न होते हैं, इसका विचार करना आवश्यक है। नवीन शिक्षा के मनुष्यों का नाम लेने से आप स्वयं तुलना करके देख सकते हैं। महात्मा रामचन्द्रजी की कथा आप रामायण में पढ़ते हैं। दूसरे, रामलीला में देखते हैं कि महाराजा रामचन्द्रजी के पिता आज्ञा देते कि राज्य छोड़कर वन को चले जाओ। पिता अपने मुख से नहीं कहते, किन्तु माता कहती है और माता भी सगी नहीं, किन्तु सौतेली माता। धर्मात्मा रामचन्द्र यह शब्द सुनकर तुरन्त राज्य को त्यागकर वन को चल देते हैं। यदि आजकल की शिक्षा पाया हुआ होता तो तुरन्त कह देता कि राज्य तो वंश-परम्परा से चला आता है, पिता को एक से छीनकर दूसरे को देने का क्या अधिकार है? जब धर्मात्मा रामचन्द्र पिता की आज्ञा से वन को जाने लगे तो महात्मा लक्ष्मण सोचते हैं कि रामचन्द्र धर्मभाव से वन को जाते हैं, भाई का धर्म है विपत्ति में साथ देना, तो क्या ऐसी दशा में मैं अपने धर्म को छोड़ दूँ? भीतर से उत्तर मिलता है-कदापि नहीं! बस, वह भी रामचन्द्रजी के साथ वन जाने के लिए तैयार हो जाते हैं। अब महारानी सीता भी अपने पतिव्रत-धर्म का विचार करते हुए साथ जाने को प्रस्तुत होती हैं। महात्मा राम और लक्ष्मण तो गुरुकुल में पढ़ते हुए वनों को देख चुके थे। उन्हें वहाँ के वयङ्कर दृश्य भली प्रकार स्मरण थे, अतः वे सीता को समझाने लगे कि वन में सिंह, बाध और भेड़ियों के भयङ्कर शब्द, पृथिवी कण्टकों से पूरित होगी और पैदल चलने से सहस्त्रों कष्ट होंगे, परन्तु सीता इन बातों का उत्तर एक वाक्य में दे देती है कि यदि ऐसा ही ब?ङ्कर वन है तो आप क्यों जाते हैं? धर्मात्मा रामचन्द्र कहते हैं कि मैं तो पिता की आज्ञा पूर्ण करने के लिए जाता हूँ। सीता उत्तर देती है कि जव आप अपने पिता की आा से ऐसे वन में जाना स्वीकार करते हैं तो क्या मैं अपने पिता की आज्ञा न पालूँ? मेरे पिता ने भी तो यही आज्ञा दी थी कि यह तेरा पति है, इनका सङ्ग न छोड़ना। अब जव आप अपने पिता की आज्ञा के सामने दुःखों का ध्यान नहीं करते तो मैं भी अपने पिता की आज्ञा के सामने किसी दुःख का ध्यान न करूँगी। ये तीनों तो जाते हैं, परन्तु इसके आगे का जो दृश्य है उस जैसा संसार का इतिहास एक भी उदाहरण नहीं दे सकता-

महात्मा भरतजी को राज्य मिलता है, परन्तु वे राज्य को अङ्गीकार ही नहीं करते। माता कहती है कि मैंने तेरे लिए राज्य माँग लिया है। मन्त्री आदि सब कहते हैं कि राज्य राजा ने तुम्हारे लिए दिया है, परन्तु भरत कहते हैं कि मैं नहीं लूँगा, यह मेरा स्वत्व नहीं है। मैंने वेदों में पढ़ा है-

**ईशा वास्यमिद ँ सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्।**
**तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥**

-यजुः० ४०। १

**अर्थ-** यह जगत् समष्टि और व्यष्टिरूप से ईश्वर से आच्छादित और ईश्वर का निवास स्थान है। कोई स्थान या परमाणु संसार में ऐसा नहीं कि जहाँ परमात्मा न हो। पर्वतों के ऊँचे-ऊँचे शिखर पर तथा समुद्र की गहरे-से-गहरे तल में एवं पर्वतों की अँधेरी-से-अँधेरी गुफाओं में ईश्वर व्यापक है। उस परमात्मा के दिये हुए को तुम भोगो और किसी दूसरे का स्वत्व मत छीनो।

लोग कहते हैं कि जब पिता तुम्हारे लिए दे गये, रामचन्द्र तुम्हारे लिए छोड़ गये, हम सब तुम्हें देते हैं तो यह अब तुम्हारा ही हो गया, परन्तु भरत उत्तर देते हैं कि निस्सन्देह तुम देते हो, परन्तु वेद में यह नहीं लिखा कि पिता के दिये, माता या भ्राता के दिये अथवा मन्त्री आदि के दिये हुए को भोगो, किन्तु वहाँ तो लिखा है कि ईश्वर के दिये हुए को भोगो। लोग कहते हैं कि यह ईश्वर ही ने दिया है जबकि पिता दे गये, भ्राता ने दिया और सर्वसम्मति से हम सब दे रहे हैं, परन्तु भरत कहते हैं कि कदापि नहीं! ईश्वरीय नियम यह है कि राज्य बड़े भाई का होता है। यदि ईश्वर मुझे राज्य देते तो क्या वह मुझे श्रीराम से पहले नहीं उत्पन्न कर सकते थे? बस, जब मुझे ईश्वर ने बड़ा नहीं वनाया तो राज्य पर मेरा स्वत्व नहीं, अतः मैं राज्य नहीं लूँगा। अब उपर्युक्त उदाहरणों से यह तो निश्चय हो गया कि प्राचीन शिक्षा आत्मा को इतना बलवान् बना देती थी कि उसके सामने राज्य की कोई वास्तविकता नहीं रहती। प्राचीन मनुष्य धर्म के लिए राज्य को तुच्छ समझकर छोड़ने में समर्थ थे, उन्हें राज्य त्याग देने में कोई कष्ट नहीं होता था। आगे पता चलता है कि श्रीराम के लिए राज्य प्राप्त करना भी कोई दुर्लभ बात न थी। जब रामचन्द्रजी को लङ्का पर चढ़ाई करने की आवश्यकता प्रतीत हुई तो उन्होंने भाई भरत को समाचार भी नहीं भेजा। यह भी नहीं लिखा कि थोड़ी-सी सेना भेज दी अथवा थोड़े-से अस्त्र-शस्त्र तथा धन आदि कुछ भेज दो, किन्तु वहीं वन में ही मनुष्य तैयार किये और लङ्का जीत लाये, अतः प्राचीन शिक्षा मनुष्य को राज्य त्यागने तथा प्राप्त करने को एक तुच्छ कार्य समझनेवाली बनाती थी और नवीन शिक्षा उसे दो-तीन सौ या सहस्त्र-दो सहस्त्र की नौकरी पर अभिमान करनेवाला बनाती है, अतः यह कहना पड़ता है कि इसकी और उसकी क्या तुलना! कहाँ राजा भोज कहाँ कङ्गला तेली!

प्राचीन इतिहास में इस प्रकार के लाखों उदाहरण भरे पड़े हैं। सबसे पीछे के समय का उदाहरण जिसके पश्चात् प्राचीन शिक्षा का ढङ्ग बिगड़ना प्रारम्भ हुआ, महात्मा भीष्म का है। जब बाल ब्रह्मचारी महात्मा भीष्म गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त करके घर आते हैं तो एक दिन पिता के मुख पर दुःख के लक्षण देखकर चकित होते हैं कि इस दुःख का क्या कारण है? पिता का राज्य स्थिर है, प्रकट में कोई शत्रु भी आक्रमण करता नहीं दीख पड़ता, सन्तान भी है, धनसम्पत्ति का भी कोई घाटा नहीं और कोई सम्वन्धी भी नहीं मरा है। पता लगाने से जान पड़ा कि पिता के दुःख के कारण स्वयं भीष्म ही थे। यद्यपि भीष्म ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया था जिससे पिता को दुःख हो, परन्तु काल का ऐसा चक्र आ पड़ा कि भीष्म ही दुःख का हेतु हो गये। कारण यह कि राजा शन्तनु एक मल्लाह की कन्या पर मोहित हो गये और उससे अपनी कन्या के विवाह की प्रार्थना की। मल्लाह ने उत्तर दिया कि मैं अपनी कन्या का विवाह राजा से नहीं करूँगा, क्योंकि मेरी कन्या का पुत्र राजा नहीं होगा, किन्तु भीष्म राजा होगा। अहा! कैसा उत्तम समय था कि मनुष्य आजकल की भाँति धनवान् देखकर अथवा धन लेकर दश वर्ष की कन्या का साठ वर्ष के बूढ़े से विवाह कर,इस प्रकार दादा और पौत्री का विवाह करने का काम नहीं करते थे, किन्तु अपनी सन्तान को सन्तान समझते थे

और एक साधारण मल्लाह अपनी कन्या का विवाह केवल इस कारण कि उसकी कन्या का पुत्र राजा नहीं होगा, एक महान् राजा से करने को उद्यत नहीं । इस प्रकार भीष्म के विवाह में रुकावट होने के कारण वे पिता के दुःख का हेतु हो गये । क्यों ? इसलिए कि पिता यह नहीं चाहते थे कि अपने लिए भीष्म का स्वत्व छीन लें, क्योंकि भीष्म योग्य था, उसके राजा होने पर प्रजा को दुःख के बदले सुख मिलता । भीष्म के कारण विवाह न होना, बस, यही राजा को दुःख था । जब यह भेद भीष्म को ज्ञात हुआ तो वे चित्त में बड़े खिन्न हुए और कहने लगे कि मैं कैसा पुत्र हूँ, जिसका होना पिता के दुःख का कारण हो ! पुत्र का अर्थ है जो अपने माता-पिता को दुःखों से छुड़ा दे । अन्ततः भीष्म का विशाल हृदय पिता के इस दुःख को सहन न कर सका । वह उस मल्लाह के पास पहुँचे और उससे कहा कि तुम अपनी कन्या का विवाह राजा के साथ क्यों नहीं कर देते ? उस मल्लाह ने कहा, जब मेरी कन्या का पुत्र राजा नहीं होगा तो मैं अपनी पुत्री का विवाह उसके साथ क्यों करूँ ? राजा तुम होगे, तो क्या मैं अपनी कन्या को दासी बनाने के लिए दे दूँ ? नहीं, मुझसे ऐसा कदापि नहीं हो सकता । भीष्म ने कहा कि अच्छा, मैं प्रसन्नता से राज्य छोड़ता हूँ । अब तुम अपनी कन्या का विवाह राजा से कर दो । तुम्हारी कन्या का पुत्र ही राजा होगा । उस मल्लाह ने फिर भी विवाह करने से इन्कार किया । भीष्म ने कारण पूछा और कहा कि तुम्हें मेरी बात का विश्वास नहीं है ? मल्लाह ने उत्तर दिया कि तुम ब्रह्मचारी हो, अतः मुझे तुम्हारी बात पर विश्वास है, परन्तु तुम राज्य न भी लोगे तो तुम्हारी सन्तान जो पराक्रमी होगी अपना स्वत्व जानकर मेरी कन्या के पुत्रों को मारकर राज्य छीन लेगी । अब भीष्म चकित थे कि इसका क्या उत्तर दें ? अन्त में उन्होंने कहा कि जाओ ! मैं विवाह ही नहीं करूँगा, जब मैं विवाह ही नहीं करूँगा तो मेरे सन्तान ही किस प्रकार होगी ?

उस मल्लाह ने अपनी कन्या का विवाह राजा शन्तनु से कर दिया । उस कन्या से चित्राङ्गद और विचित्रवीर्य नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए । उनका अम्बिका और अम्बालिका नाम की दो कन्याओं से विवाह हो गया, परन्तु वे अभी बालक ही थे कि महाराजा शन्तनु का देहान्त हो गया । अब कोई पुत्र राजा बनाने योग्य ही नहीं । लोगों ने भीष्म से कहा । उसने उत्तर में पूछा कि क्या क्षत्रिय वमन करके खा सकता है ? उत्तर मिला कि नहीं ! यह सुनकर भीष्म ने कहा कि तो मैं किस प्रकार राज्य कर सकता हूँ ? अतः भीष्म ने बालकों को गद्दी पर बिठाया और स्वयं उनकी सहायता प्रारम्भ की, परन्तु वे बालक भी पुत्रहीन ही मर गये । लोगों ने फिर भीष्म से कहा कि जिनके लिए आपने राज्य छोड़ा था, वे तो अब रहे नहीं, अतः आप गद्दी पर बैठें, परन्तु भीष्म ने उत्तर दिया कि उस समय कोई ऐसी बात निश्चित नहीं हुई थी, इसलिए मैं किसी अवस्था में भी अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ राजा नहीं बन सकता । हाँ, निर्बल से निर्बल इस कुल के राजा की सेवा और रक्षा करने के लिए उद्यत हूँ । अन्त में अम्बिका और अम्बालिका ने व्यासजी से नियोग करके धृतराष्ट्र और पाण्डु को जन्म दिया जिससे कुल चला, परन्तु भीष्मजी ने अपनी प्रतिज्ञा का इतनी दृढ़ता से पालन किया जिसका उदाहरण मिलना भी दुर्लभ है । क्या संसार के इतिहास में कोई ऐसा दृढ़व्रत मनुष्य मिलेगा जिसे बार-बार राज्य मिलने का अवसर मिले और वह अपनी प्रतिज्ञा को न तोड़े ? कदापि नहीं ! प्राचीन शिक्षाप्रणाली ही इस प्रकार के मनुष्य बना सकती थी । इसके पश्चात् देश के दुर्भाग्यवश प्राचीन शिक्षाप्रणाली अधोगति को प्राप्त हो गई और देश में वाममार्ग का प्रचार, चारवाकादि नास्तिकों की प्रबलता तथा बौद्ध और जैनमत का प्रचार तथा शङ्कराचार्य के उपदेश ने देश की अवस्था को नाना प्रकार के पलटे दिये, जिससे शिक्षा की अवस्था डाँवाडोल हो गई । तो भी प्राचीन शिक्षाप्रणाली थोड़ी-बहुत बनी हुई थी । बौद्धों में उसी रीति से शिक्षा होती रही । यद्यपि थोड़ा-बहुत अन्तर अवश्य पड़ गया, परन्तु अस्तित्व बना रहा और मुसलमानों के आक्रमण तक कुछ-न-कुछ चिह्न विद्यमान थे ।

जब मुहम्मद बिन कासिम ने बगदाद के खलीफ़ा=प्रतिनिधि की ओर से सिन्ध पर चढ़ाई की तो सिन्धपति राजा दाहर रण में मारे गये । उनकी रानी ने भी यवनों का मुकाबला किया, परन्तु जब राजपूतों की सेना कट गई तो रानियों ने चिता में जलने का प्रबन्ध किया, क्योंकि उस समय में धर्म के लिए प्राण देने में बूढ़े-बालक और स्त्री-पुरुष किस को हिचकिचाहट नहीं थी । राजा दाहर की राजधानी के समीप ही एक गुरुकुल था जिसमें क्षत्रियों के बालक शिक्षा पाते थे । जब उन्हें पता लगा कि राज्य नष्ट हो गया, माताएँ जलने के निमित्त चिता रचा रही हैं तो अन्तिम दर्शन के लिए ब्रह्मचारी गुरु से आज्ञा लेकर आते हैं । जिस समय माताएँ उन ब्रह्मचारियों को देखती हैं तो शोक के मारे अपने दुःख को भूल जाती हैं और उन बालकों को बचाने का उपाय सोचती हैं । जब कोई उपाय नहीं सूझता तो कहती हैं कि बेटा ! जाओ, भागकर अपनी प्राण-रक्षा करो । यह सुनकर बालक कहते हैं कि माता क्या क्षत्रिय के धर्म में भागकर प्राण-रक्षा करना लिखा है ? माताएँ उत्तर देती हैं कि ऐसा तो कहीं नहीं लिखा । तब बालक कहते हैं कि यदि ऐसा नहीं लिखा तो हमें के विरुद्ध क्यों आज्ञा दी जाती है ? माता कहती हैं कि अच्छा आओ, तुम हमारे साथ चिता मे बैठ जाओ, परन्तु इसके उत्तर में पूछते हैं कि तो क्या क्षत्रिय के धर्म में आत्मघात करना लिखा है ? उत्तर में माताएँ कहती हैं कि ऐसा कहीं नहीं लिखा है । बालक पूछते हैं कि फिर हमें धर्म-विरुद्ध कार्य करने की क्यों आज्ञा दी जाती है ? यह सुनकर माताएँ पूछती हैं कि फिर बताओ, तुम क्या करोगे ? बालक उत्तर देते हैं कि जो हमारा धर्म है हम वही करेंगे । माता बताती है कि तुम्हारा धर्म तो युद्ध में मरना है । बालक कहते हैं कि बस, हम ऐसा ही करेंगे । १०-११ वर्ष के बालक छोटे-छोटे खड्ग और धनुषबाण लेकर यवन सेना से युद्ध के लिए जाते हैं । जिन यवनों ने बड़े-बड़े राजपूतों को मार दिया हो उनके सामने एक छोटी संख्या मे छोटे-छोटे बालकों का जाना अनोखा दृश्य था । माताएँ सोचती थीं कि क्या करें ? यदि ये बालक रण से भाग आये तो राजपूत-कुल को कलङ्क लगेगा और जो डरकर रणभूमि में शस्त्र रख दिये तो राजपूती रुधिर पर धब्बा लगेगा । अन्त में माता कहती हैं-बेटा ! जाते हो तो जाओ, परन्तु कहीं रण से भाग न आना जिससे राजपूत कुल को कलङ्क लग जाए ! या कहीं शत्रु को शस्त्र अर्पण मत कर देना, नहीं तो राजपूती रक्त पर कायरता का धब्बा लग जाएगा । यह सुन बालक कहत हैं-

**यदपि हिमाचल शृङ्ग होय भूतल पर आड़े ।**
**यदपि सूर शशि खसें धसें जो नभ पर टाड़े ।।**
**यदपि सिन्धु इक बिन्दु होय सूखे क्षण माहीं ।**
**तदपि क्षत्रि के पुत्र तजें रण में असि नाहीं ।।**

**अर्थ**-चाहे हिमालय के शिखर टेढ़े होकर पृथिवी पर आ जाएँ, आकाश से सूर्य-चन्द्र टूटकर पृथिवी में धँस जाएँ और चाहे समुद्र एक बूँद होकर सूख जाए, परन्तु क्षत्रिय के पुत्र भूमि में शस्त्र नहीं डाल सकते ।

**काढि धरें असि हाथ करें भुज ठोक यही प्रन,**
**कै नाशें रणमाहिं शत्रु कै नाशे निज जीवन ।।**

**अर्थ**-दृढ़ हाथों से खड्ग पकड़कर और भुजा ठोककर हम यह प्रतिज्ञा करते हैं कि या तो मे वैरी का नाश करेंगे और या अपने को । फिर कहते हैं-

**मन्त्र हम लियो जौन हम पाई दीक्षा,**
**आज युद्ध कर गौन तौन हम करें परीक्षा ।।**

अर्थात् जैसा हमने गुरु से मन्त्र लिया है और जो शिक्षा पाई है, आज उसकी समर-भूमि में जाकर परीक्षा लेंगे ।

**जो पुर-रक्षा हेतु सेतु जीवन को टूटे,**
**तौ कछु चिन्तु नाहिं धर्म को पन्थ न छूटे ।।**

अर्थात् यदि देश की रक्षा में हम मारे जाएँ तो कोई चिन्ता नहीं, धर्म-मार्ग नहीं छूटना चाहिए । फिर कहते हैं-

**विदित सकल संसार वीर माता के जाये ।**
**राखे देश का मान आपने प्राण गँवाये ।।**

अर्थात् समस्त संसार जानता है कि वीर माताओं से जन्म पाये हुए अपने प्राण देकर भी देश की रक्षा करेंगे ।

पाठक ! इन छोटे-छोटे बालकों की बातों पर ध्यान दीजिए, उनकी देशभक्ति और उनका धर्म से प्रेम देखिए और साथ-ही-साथ इधर इस समय के नेताओं की ओर निहारिए कि जीभ से तो बड़े चिल्लाएँगे, परन्तु परीक्षा के समय कोरे ही दिखाई देंगे । यदि प्राचीन शिक्षाप्रणाली को रामबाण या भारतवर्ष के समस्त रोगों की ओषधि कहा जाए तो अत्युक्ति न होगी । निष्प्राण देश में जो दोष आ गये हैं वे सब इस प्राचीन शिक्षाप्रणाली से दूर हो सकते हैं, क्योंकि ब्रह्मचारी होने से शारीरिक और आत्मिक निर्बलताएँ दूर हो जाएँगी, बाल-विवाह के न रहने से विधवाओं का दुखड़ा दूर हो जाएगा, गुरुकुलों में गौओं का पालन होने से गोरक्षा आप-से-आप हो जाएगी, परोपकार की शिक्षा होने से स्वार्थ का नाम मिट जाएगा । सबकी माता विद्या और पिता गुरु होने फूट का मुँह काला हो जाएगा और वेद-वेदाङ्ग की पूर्ण शिक्षा से अविद्या का नाश और ज्ञान का प्रकाश हो जाएगा । ब्रह्मचारियों के तपस्वी और परिश्रमी होने से विषयासक्ति भी भाग जाएगी । सबकी शिक्षा स्वदेशी रीति पर होने से उनके मस्तिष्क और विचार स्वदेशी हो जाएँगे, जिससे कि स्वदेशी वस्तुएँ अच्छी लगने लगेंगी और देशी कला-कौशल के प्रचार से देश का शिल्प और वाणिज्य उन्नति को प्राप्त होगा, जिसके कारण दुर्भिक्ष मुँह काला करके देश से दूर हो जाएगा । स्थान-स्थान पर धूम-धाम से हवन होने से वायु सुधर जाएगी जिससे कि महामारी आदि रोग जो जल-वायु की अशुद्धता के कारण या शरीर के निर्बल होने से दबा लेते हैं, चलते-फिरते दिखाई देंगे । सारांश यह कि कोई भी शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक निर्बलता देश में नहीं रहेगी । ऋषि दयानन्द ने अपनी विद्या, विचार, योग और समाधि के बल से यही योग=नुस्खा इस देश के जीवित करने का, नहीं-नहीं, वरन् समस्त संसार का उपकार करने का निकाला था, क्योंकि भारतवासी अनुकरण करनेवाले हैं, विचारनेवाले नहीं, इसीलिए ऋषि दयानन्द ने प्रथम स्वयं उन उपायों पर आचरण किया जिससे वे इस निर्बल देश में जन्म लेने पर भी इस योग्य हो गये कि सारा संसार उनका सामना न कर सका । क्या ऋषि दयानन्द कोई नई वस्तु भारत में लाये थे ? कदापि नहीं । अपितु ऋषि से पूर्व वेद विद्यमान थे, शास्त्र विद्यमान थे और उपनिषद् भी थे ।

सारांश यह कि जिन वस्तुओं से भारत के मृतक शरीर में जीव आने की आशा है, वे सब पूर्व ही से उपस्थित थीं, परन्तु मनुष्य उनकी शक्ति और गुणों से अनभिज्ञ थे । भारत की ठीक ऐसी दशा थी कि किसी सेठ के घर में बीस करोड़ रुपये रक्खे हुए हों, परन्तु लोहे के सन्दूकों में बन्द हों और उसकी चाबी खो जाए । वह सेठ चाबी न होने के कारण भूख से दुःख पाता है, परन्तु है वास्तव में करोड़ों रुपये का स्वामी । जब कोई चाबी ला दे तो वह करोड़पति है । ऐसे ही भारत में सारी विद्याएँ विद्यमान हैं, परन्तु संस्कृतभाषा के दृढ़ सन्दूकों में बन्द हैं और ब्रह्मचर्याश्रम की चाबी, जिससे सन्दूक खुले, खो गई थी । ऋषि ने बड़े परिश्रम से इस चाबी को खोजकर धार्मिक जीवन आपके सामने रख दिया और बतला दिया कि भारत के समस्त रोग इससे दूर हो जाएँगे । जहाँ नवीन शिक्षा के मनुष्य अपने चाल-चलन और स्त्री तक को अधिकार में रखने के योग्य नहीं होते और स्वार्थ के कारण पग-पग पर ठोकर खाते हैं, वहाँ ऋषि ने उनको चेताया, फैशन को पछाड़ा, नहीं-नहीं, सम्पूर्ण संसार का सामना करके दिखाया कि एक ओर ४२ करोड़ ईसाई, ४२ करोड़ बौद्ध, २२ करोड़ हिन्दू, २० करोड़ मुसलमान और अन्य सब जातियाँ मिलाकर एक अरब ५० करोड़ मनुष्य और दूसरी ओर उनके सामने एक बाल ब्रह्मचारी-लङ्गोटबन्द अकेला संन्यासी स्वामी दयानन्द था । क्या समस्त संसार ने मिलकर एक ब्रह्मचारी को उसके वैदिक सिद्धान्तों से हिला दिया ? कदापि नहीं । अपितु उसने सारे मत-मतान्तरों के मनुष्यों को जो धर्म-सम्बन्धी बातों में बुद्धि से काम लेना पाप समझते थे, एक-साथ ऐसा झटका दिया कि वे सब अपने-अपने मत के सिद्धान्तों को बुद्धि से सिद्ध करने के लिए प्रस्तुत हो गये । जिस ब्रह्मचर्य्याश्रम को पुनः प्रस्थापित करने के लिए ऋषि दयानन्द बीजरूप होकर गला है, वह अब वृक्ष के रूप में आ गया है । ऋषि दयानन्द ने वैदिक धर्म का वृक्ष अपने अस्तित्व को गलाकर लगाया, जिसमें जितने आर्य हैं वे सब पत्तेरूप हैं ।

कतिपय मनुष्य कहते हैं कि अब आर्य समाज की उन्नति रुक गई, क्योंकि पण्डित भीमसेन निकल गया, पण्डित देवदत्त बरेलीवाला निकल गया, पण्डित तृषा राम निकल गया और जगदम्बा प्रसाद शेख अब्दुल अजीज बन गया, परन्तु ऐसे मनुष्यों को विचारना उचित है कि क्या किसी वृक्ष के पत्ते गिर जाने से उसकी उन्नति रुक सकती है ? उत्तर मिलता है कभी नहीं । फिर आर्य समाज के कुछ पत्ते गिर जाने से आर्य समाज की उन्नति कैसे रुक सकती है ? अथवा किसी पत्ते के बिगड़ कर मुसलमान या ईसाई हो जाने से आर्य समाज को क्या हानि पहुँच सकती है ? आर्य समाज को यदि हानि पहुँची है तो सिद्धान्तों के छोड़ने से, लक्ष्मीपूजा और कायरता की शिक्षा से, आपस के द्वेष से, सिद्धान्तानुकूल कार्य न करने से, और सबसे बढ़कर वैदिक शिक्षा रूपी जल न मिलने से

सब पत्ते सूखे दीख पड़ते हैं;, परन्तु जड़ वैसी ही हरी-भरी है। छोटे-छोटे फल भी लगने लग गये हैं। काङ्गड़ी में जाओ-लगभग डेढ़ सौ ब्रह्मचारी दीख पड़ेंगे, बदायूँ में कोई सत्तर, सिकन्दराबाद में ३४ और वरालसी में ३२ ऐसे ब्रह्मचारी मिलेंगे जो प्रत्यक्ष में कह रहे हैं कि हम ऋषि दयानन्द के बीज से प्रकट हुए हैं, हम भी ब्रह्मचारी वनकर ऋषि के उद्देश्य की पूर्त्ति करेंगे। अव जिस प्रकार एक वृक्ष के फलों में भी भेद होता है, किसी शाखा के फलों में कीड़ा लग जाता है और किसी शाखा में पानी थोड़ा पहुँचता है और किसी में पछाँ लगकर सुखा देता है, ऐसा ही इन फलों में होना सम्भव है। कतिपय मनुष्य आक्षेप करते हैं कि वहुधा ब्रह्मचारी गुरुकुलों को बीच में ही छोड़कर चले जाते हैं, पूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं करते, ऐसे मनुष्यों को विचारना चाहिए कि वह कौन-सा वृक्ष है कि जिसमें जितने फल लगे वे सब पक गये ? सैकड़ों फल गिरते हैं; कुछ पक भी जाते हैं जिससे कि श्रम का फल मिल जाता है। ऐसा कौन-सा स्कूल और कॉलेज है कि जिसमें जितने बालक भरती हुए हों सबके सब बी.ए. और एम.ए. हो गये हों।

अव अन्तिम प्रश्न न उत्पन्न होता है कि गवर्नमेण्ट तो इन ब्रह्मचारियों को नौकर रखेगी नहीं, फिर ये पढ़कर क्या करेंगे तथा रोटी कैसे कमाएँगे ? ऐसे मनुष्यों को स्मरण रखना उचित है कि गवर्नमेण्ट सबको नौकर रख भी नहीं सकती; अधिक-से-अधिक ५० लक्ष मनुष्यों को नौकरियाँ दे सकती है। अब कहिए कि शेष २९ करोड़ ५० लक्ष मनुष्य जो देश में हैं वे क्या करते और कहाँ से खाते हैं ? उत्तर मिलता है कि खेती-बाड़ी और शिल्प तथा वाणिज्य से। वस ब्रह्मचारी दास बनने के लिए तो पढ़ते ही नहीं, अतः गवर्नमेण्ट के नौकरी देने का विचार ही व्यर्थ है, परन्तु यदि ब्रह्मचारी चाहें तो गवर्नमेन्ट उन्हें नौकरियाँ भी देगी। कैसी नौकरियाँ ? सैनिक आदि की, क्योंकि शारीरिक एवं आत्मिक दोनों प्रकार का बल होने के कारण वे सबसे अधिक वलवान् होंगे, परन्तु ब्रह्मचारियों का नौकरी की इच्छा करना दुष्कर है, अतः वे ऐसा कार्य करेंगे जिससे वे अपनी जीवन-यात्री भी भली प्रकार पूर्ण कर सकें और इन नवीन सभ्यता के दासों के पोषणार्थ गवर्नमेण्ट को भी सहायता दें। तात्पर्य यह कि वे कृषि करेंगे, शिल्प-सम्बन्धी नये-नये आविष्कार करेंगे, मिलकर धर्मपूर्वक वाणिज्य करेंगे, साहित्य एवं सदाचार-सम्बन्धी ग्रन्थों का अनुवाद करेंगे जिससे कि अन्य देश भी वैदिक धर्म के आनन्द-लाभ से वञ्चित न रहें, तथा पत्रों का सम्पादन करेंगे। हमें तो ऐसे प्रश्नकर्ताओं की बुद्धि पर शोक होता है कि जो इतना भी नहीं जानते कि जिसके शरीर में बल है, जो इन्द्रियों का दास न हो और जिसके आत्मा में ज्ञान का प्रकाश हो, वह कहीं भूखा भी रह सकता है। ब्रह्मचारी स्वयं जीते-जागते होंगे और सङ्ग में मृतक देश को भी जीवित करेंगे। गुरुकुल बदायूँ किसी समय में प्राचीन शिक्षाप्रणाली का आदर्श होगा, क्योंकि यह ऋषि दयानन्द की उद्देश्यपूर्त्ति के लिए ऋषि-सिद्धान्त के अनुकूल ही चलाया जाता है। यद्यपि बड़े-बड़े गुरुकुलों के अधिष्ठाता जिन्होंने गुरुकुल में फ़ीस लगाकर गुरुकुल के इस गौरव को कि 'वह धनी और निर्धन सबको एक-सी शिक्षा देता है', नष्ट कर दिया है। उन्होंने माता-पिता के धन से नवीन शिक्षाप्रणाली के अनुकूल पढ़ाकर देश और जाति के बालक वनाने के गुण को भी समाप्त कर दिया है। इस गुरुकुल को जिसके पास कोई बाहरी टीप-टाप का साधन नहीं, नाममात्र का ही गुरुकुल वताते हैं, परन्तु यदि ईश्वरीय नियम कोई वस्तु है, सचाई और वाहरी टीप-टाप में कोई भेद है तो परमात्मा की दया से वह समय निकट ही आनेवाला है जब सबआर्य एक स्वर से कह उठेंगे कि गुरुकुल बदायूँ ही वैदिक धर्म का प्रचारक तथा ऋषि दयानन्द के सिद्धान्तों का सहायक और रक्षक है। यह गुरुकुल न तो ऐङ्गलो वैदिक बनाना चाहता है और न ही पौराणिक वैदिक, किन्तु ऋषि दयानन्द ही के पथ पर चलनेवाले विशुद्ध वैदिक ब्रह्मचारी बनाकर ही संसार में फैलाने का यत्न करता है।

आर्यगण ! नवीन और प्राचीन शिक्षा के सारे मुकावले का प्रथम भाग समाप्त हुआ, दूसरा भी कभी भेंट किया जाएगा।

interests of our fellow beings.

What is, then, the connection between culture and civilization?

Civilization is a part of culture, as much as it helps the actualization of our seed powers. Culture is a wider term. It is much more than civilization. A people may be civilized and yet uncultured. They may remain in society, a well cemented society, and ye their natures may not be fully developed and much of valuable parts may either d or remain undeveloped. All culture needs civilization. B all civilization does no contribute culture In order to be most helpful to culture, a civilization ought to be based upon certain virtues, which if absent, will make it undesirables as a culture-making agency.

It is true that man is a social animal. But besides being a member of a society, he is also an individual. It is individual that make a society, We have to take notice of both the factors if we want to arrive at truth. Society is no doubt a potent factor, but it is only a factor. the equally potent is the other factor and that is individuality. In our personal culture (i.e., actualization of our potentialities) we not only borrow from others. Our own contribution is also very important. Civilization, if divorced from this viewpoint becomes stale It loses the zest which is the salt of life. In making estimation of civilization, the calculators have too often neglected this point and the result has been disastrous.

# ऋषि दयानन्द ने मूर्तिपूजा का खण्डन क्यों किया ?

-मनमोहन कुमार आर्य

हमारे अनातनी बन्धुओं में मूर्तिपूजा सबसे प्रमुख अनुष्ठान है। शायद उन्हें यह भी पता नहीं है कि भारत में वा विश्व में मूर्तिपूजा का आरम्भ कब व किसने किया। जुबानी जमाखर्च करते हुए कोई भी यह कह देता है कि यह मूर्तिपूजा तो सनातन है। ऐसे लोगों को हमें लगता है कि सनातन शब्द का अर्थ भी पता नहीं होता। यदि मूर्तिपूजा सनातन है तो वह बतायें कि सबसे पुरानी मूर्ति किस देवता की पूजी जाती है। शायद वह राम व कृष्ण को जिन्हें विष्णु का अवतार माना जाता है, उनको बतायेंगे। क्या मर्यादा परुषोत्तम राम और योगेश्व कृष्ण सृष्टि के प्रथम दिन पैदा हुए थे और उसी दिन उनकी मूर्ति की पूजा आरम्भ हो गई थी ? यदि ऐसा नहीं है तो मूर्तिपूजा सनातन कैसे हो सकती है ? हम सब जानते हैं कि कृष्ण जी द्वापर में और श्री राम त्रेता युग में उत्पन्न हुए। कृष्ण को हुए पौराणिकों के ही अनुसार लगभग ५१०० वर्ष हुए हैं। अतः श्री कृष्ण जी की मूर्तिपूजा सनातन अर्थात् सृष्टि की वर्तमान आयु १.९६ अरब वर्ष पुरानी कैसे हो सकती है ? इसी प्रकार से दशरथ व श्री राम का समय त्रेता युग अर्थात् द्वापर की पूरी अवधि एवं ५१०० वंर्ष जोड़कर प्राप्त होता है। इसके अनुसार श्री राम ८६४०००+५१००=८६९१०० वर्ष व इससे कुछ अधिक तो हो सकते हैं परन्तु १,९६ अरब वर्ष नहीं हो सकते। अतः मूर्तिपूजा के इतिहास को सनातन कहना असत्य सिद्ध होता है। महर्षि दयानन्द ने मूर्तिपूजा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मूर्तिपूजा जैनियों से चली है। महावीर स्वामी का काल अधिक से अधिक २६०० या इससे कुछ अधिक वर्ष ही पुराना है। इससे यह सिद्ध होता है कि हमारे सनातनी भाईयों में मूर्तिपूजा जैन मत के बाद विगत लगभग २००० वर्षों में चली है। इससे पूर्व ईश्वर के निराकार स्वरूप का योगविधि से ध्यान तथा अग्निहोत्र यज्ञों के द्वारा ईश्वर की उपासना की जाती थी।

अब प्रश्न है कि मूर्तिपूजा है क्या ? मूर्तिपूजा एक प्रकार से जड़ पदार्थों की पूजा है। इसके अन्तर्गत पाषाण या धातु की श्री राम व श्री कृष्ण आदि देवताओं के काल्पनिक चित्रों के अनुसार मूर्ति बनाकर उसको ईश्वर मान कर उन पर फूल, पत्र, फल, जल, दुग्ध आदि चढ़ाया जाता है और धूप आदि जला कर व मूर्ति की परिक्रमा को ही ईश्वर की पूजा मान लिया जाता है। बहुत से लोग वहां पर कुछ धन भी रख देते हैं और यह मानते हैं कि यह धन उन्होंने ईश्वर को भेंट किया है। होता यह है कि यह सभी उपयोग की वस्तुएं पुजारी जी की आय का साधन होती हैं। ईश्वर तो एक चेतन सत्ता है। वह सर्वज्ञ और शक्तिमान है। वह सर्वव्यापक, निराकार और सर्वान्तर्यामी है। वह हमारे प्रत्येक कर्म का साक्षी है। वह मनुष्य व सभी प्राणियों के सभी कामों को पूर्ण करने वाला भी है। यह गुण किसी भी जड़ मूर्तियों में नहीं है। ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए यह तरीका वा पद्धति भी बुद्धिसंगत सिद्ध नहीं होती। हमारे जीवित माता-पिता होते हैं तो उन्हें हम भोजन, वस्त्र, धन, सेवा, आज्ञा पालन, परोपकार व सद्कर्मों को करके प्रसन्न करते हैं। यही उनकी पूजा होती है। उनकी मृत्यु के बाद इन सभी कर्मों का करना उचित नहीं होता क्योंकि उनकी जीवात्मा शरीर छोड़कर अपने कर्मों के अनुसार अन्य प्राणी योनियों में चली जाती है अर्थात् उनका पुनर्जन्म हो जाता है जैसा कि इस जन्म में हुआ था। ईश्वर भी हमारे माता-पिता, आचार्य, उपदेशक व राजा के समान एक चेतन सत्ता है। हमें उसे प्रसन्न करना है। यही उसकी पूजा व सत्कार हो सकता है। यह पूजा शब्द ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना के लिए प्रयोग में लाया जाता है। ईश्वर के निराकार होने के कारण माता-पिता के समान हम उसकी सेवा कर नहीं सकते। ईश्वर का शरीर व उदर नहीं होते, अतः उसे फल, फूल, अन्न, जल, वस्व, स्वर्ण व रजत धातुओं सहित धन की आवश्यकता ही नहीं है। उसे तो हमारे सत्य स्तुति व प्रार्थना वचनों की आवश्यकता है। ईश्वर की स्तुति व प्रशंसा करना हमारा कर्तव्य भी है। ईश्वर के हम पर असंख्य उपकार हैं। हम ईश्वर के उपकारों से कभी भी उऋण नहीं हो सकते। अतः ईश्वर के प्रति उसकी स्तुति, प्रार्थना व उपासना के रूप में कृतज्ञता व्यक्त करना ही हमारा परम कर्तव्य व परमधर्म है। इसके साथ हमें सृष्टि का कर्ता, धर्ता और हर्ता होने के कारण उसकी वेदाज्ञाओं का पालन करना भी धर्म है। वेदों के आधार पर ही ऋषियों ने गृहस्थियों के लिए पंचमहायज्ञों का विधान किया है। इसका पालन व आचरण ही मनुष्यधर्म व वैदिकधर्म है। अतः ऐतिहासिक महापुरुषों व विष्णु अथवा शिव आदि वेद वर्णित देवताओं जो कि ईश् वर के गुणवाचक नाम हैं, उनकी कल्पित मूर्तियां वना कर उनकी पूजा आदि करना निरर्थक व अनावश्यक है। वेदादि शास्त्रों में इसका कहीं विधान नहीं है। साधारण मनुष्यों द्वारा महाभारत काल के बाद कुछ ग्रन्थ बनाकर किन्हीं कारणों से मूर्तिपूजा का विधान कर देना स्वीकार्य नहीं हो सकता। इसके लिए वेदप्रमाण, आसवचन या ज्ञान का आधार होना चाहिये जो कि हमारे पास नहीं है। इस विषय में कुतर्क करना भी उचित नहीं होता। प्रमाणिक ग्रन्थों के ही प्रमाण स्वीकार होते हैं। अप्रमाणिक, अमानन्य व हजार वर्ष पुराने ग्रन्थों के प्रमाण स्वीकार नहीं होते। यह भी बता दें कि हमारे पास आज तक बाल्मीकि रामायण या महाभारत का ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिसमें इन महापुरुषों ने कहा हो कि मैं भगवान हूं और मनुष्य मेरी आकृति के समान छोटी व बड़ी मूर्ति बनाकर उसमें कथित मन्त्रों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा कर मेरी पूजा किया करें। यदि ऐसा होता तो फिर महर्षि पतंजालि को योगदर्शन की रचना करने की आवश्यकता नहीं थी और न ही सांख्य व वेदान्त दर्शन आदि की ही आवश्यकता थी। उपनिषदों की व वेदों की भी आवश्यकता उस स्थिति में शायद् नहीं थी।

ऋषि दयानन्द ने १४ वर्ष की अल्पायु में अपने शिवभक्त पिता कर्षनजी तिवारी के कहने पर शिवरात्रि का व्रत किया था। उन्हें शिवरात्रि की महत्ता की पुराण वर्णित कथा सुनाई गई थी। सायं नगर से बाहर एक शिवमन्दिर में उस दिन पिता व अन्य लोगों के साथ पूजापाठ करते हुए रात्रि १२ बजे के कुछ समय बाद जब सभी जो गये थे तो बालक दयानन्द ने देखा कि मन्दिर के भीतर विलों से कुछ चूहे निकल आये हैं जो शिव की पिण्डी पर भक्तों द्वारा चढ़ायें गये अन्न आदि पदार्थों का भक्षण कर रहे थे। शिवलिंग पर चूहों को बेरोककटोक उछलकूद करते देखा तो उनके मन में प्रश्न व ईश्वरीय प्रेरणा हुई कि यह शिवलिंग सर्वशक्तिमान चेतन सच्चे शिव का स्थानापन्न हीं हो सकता। उनका तर्क था कि जो शिव अपने सिर पर से चूहों तक को भगा नहीं सकता तो वह सर्वशक्तिमान व अपने भक्तों का रक्षक कैसे हो सकता है अर्थात् कदापि नहीं हो सकता।

# समाज किस प्रकार चल सकता है

-मनमोहन कुमार आर्य

हमारे अनातनी बन्धुओं में मूर्तिपूजा सबसे प्रमुख अनुष्ठान है। शायद उन्हें यह भी पता नहीं है कि भारत में वा विश्व में मूर्तिपूजा का आरम्भ कब व किसने किया। जुवानी जमाखर्च करते हुए कोई भी यह कह देता है कि यह मूर्तिपूजा तो सनातन है। ऐसे लोगों को हमें लगता है कि सनातन शब्द का अर्थ भी पता नहीं होता। यदि मूर्तिपूजा सनातन है तो वह बतायें कि सबसे पुरानी मूर्ति किस देवता की पूजी जाती है। शायद वह राम व कृष्ण को जिन्हें विष्णु का अवतार माना जाता है, उनको बतायेंगे। क्या मर्यादा परुषोत्तम राम और योगेश्व कृष्ण सृष्टि के प्रथम दिन पैदा हुए थे और उसी दिन उनकी मूर्ति की पूजा आरम्भ हो गई थी ? यदि ऐसा नहीं है तो मूर्तिपूजा सनातन कैसे हो सकती है ? हम सब जानते हैं कि कृष्ण जी द्वापर में और श्री राम त्रेता युग में उत्पन्न हुए। कृष्ण को हुए पौराणिकों के ही अनुसार लगभग ५१०० वर्ष हुए हैं। अतः श्री कृष्ण जी की मूर्तिपूजा सनातन अर्थात् सृष्टि की वर्तमान आयु १.९६ अरव वर्ष पुरानी कैसे हो सकती है ? इसी प्रकार से दशरथ व श्री राम का समय त्रेता युग अर्थात् द्वापर की पूरी अवधि एवं ५१०० वर्ष जोड़कर प्राप्त होता है। इसके अनुसार श्री राम ८६४०००+५१००=८६९१०० वर्ष व इससे कुछ अधिक तो हो सकते हैं परन्तु १,९६ अरब वर्ष नहीं हो सकते। अतः मूर्तिपूजा के इतिहास को सनातन कहना असत्य सिद्ध होता है। महर्षि दयानन्द ने मूर्तिपूजा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मूर्तिपूजा जैनियों से चली है। महावीर स्वामी का काल अधिक से अधिक २६०० या इससे कुछ अधिक वर्ष ही पुराना है। इससे यह सिद्ध होता है कि हमारे सनातनी भाईयों में मूर्तिपूजा जैन मत के बाद विगत लगभग २००० वर्षों में चली है। इससे पूर्व ईश्वर के निराकार स्वरूप का योगविधि से ध्यान तथा अग्निहोत्र यज्ञों के द्वारा ईश्वर की उपासना की जाती थी।

अव प्रश्न है कि मूर्तिपूजा है क्या ? मूर्तिपूजा एक प्रकार से जड़ पदार्थों की पूजा है। इसके अन्तर्गत पाषाण या धातु की श्री राम व श्री कृष्ण आदि देवताओं के काल्पनिक चित्रों के अनुसार मूर्ति वनाकर उसको ईश्वर मान कर उन पर फूल, पत्र, फल, जल, दुग्ध आदि चढ़ाया जाता है और धूप आदि जला कर व मूर्ति की परिक्रमा को ही ईश्वर की पूजा मान लिया जाता है। वहुत से लोग वहां पर कुछ धन भी रख देते हैं और यह मानते हैं कि यह धन उन्होंने ईश्वर को भेंट किया है। होता यह है कि यह सभी उपयोग की वस्तुएं पुजारी जी की आय का साधन होती हैं। ईश्वर तो एक चेतन सत्ता है। वह सर्वज्ञ और शक्तिमान है। वह सर्वव्यापक, निराकार और सर्वान्तर्यामी है। वह हमारे प्रत्येक कर्म का साक्षी है। वह मनुष्य व सभी प्राणियों के सभी कामों को पूर्ण करने वाला भी है। यह गुण किसी भी जड़ मूर्तियों में नहीं है। ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए यह तरीका वा पद्धति भी वुद्धिसंगत सिद्ध नहीं होती। हमारे जीवित माता-पिता होते हैं तो उन्हें हम भोजन, वस्त्र, धन, सेवा, आज्ञा पालन, परोपकार व सद्कर्मों को करके प्रसन्न करते हैं। यही उनकी पूजा होती है। उनकी मृत्यु के वाद इन सभी कर्मों का करना उचित नहीं होता क्योंकि उनकी जीवात्मा शरीर छोड़कर अपने कर्मों के अनुसार अन्य प्राणी योनियों में चली जाती है अर्थात् उनका पुनर्जन्म हो जाता है जैसा कि इस जन्म में हुआ था। ईश्वर भी हमारे माता-पिता, आचार्य, उपदेशक व राजा के समान एक चेतन सत्ता है। हमें उसे प्रसन्न करना है। यही उसकी पूजा व सत्कार हो सकता है। यह पूजा शब्द ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना के लिए प्रयोग में लाया जाता है। ईश्वर के निराकार होने के कारण माता-पिता के समान हम उसकी सेवा कर नहीं सकते। ईश्वर का शरीर व उदर नहीं होते, अतः उसे फल, फूल, अन्न, जल, वस्व, स्वर्ण व रजत धातुओं सहित धन की आवश्यकता ही नहीं है। उसे तो हमारे सत्य स्तुति व प्रार्थना वचनों की आवश्यकता है। ईश्वर की स्तुति व प्रशंसा करना हमारा कर्तव्य भी है। ईश्वर के हम पर असंख्य उपकार हैं। हम ईश्वर के उपकारों से कभी भी उऋण नहीं हो सकते। अतः ईश्वर के प्रति उसकी स्तुति, प्रार्थना व उपासना के रूप में कृतज्ञता व्यक्त करना ही हमारा परम कर्तव्य व परमधर्म है। इसके साथ हमें सृष्टि का कर्ता, धर्ता और हर्ता होने के कारण उसकी वेदाज्ञाओं का पालन करना भी धर्म है। वेदों के आधार पर ही ऋषियों ने गृहस्थियों के लिए पंचमहायज्ञों का विधान किया है। इसका पालन व आचरण ही मनुष्यधर्म व वैदिकधर्म है। अतः ऐतिहासिक महापुरुषों व विष्णु अथवा शिव आदि वेद वर्णित देवताओं जो कि ईश वर के गुणवाचक नाम हैं, उनकी कल्पित मूर्तियां बना कर उनकी पूजा आदि करना निरर्थक व अनावश्यक है। वेदादि शास्त्रों में इसका कहीं विधान नहीं है। साधारण मनुष्यों द्वारा महाभारत काल के बाद कुछ ग्रन्थ बनाकर किन्हीं कारणों से मूर्तिपूजा का विधान कर देना स्वीकार्य नहीं हो सकता। इसके लिए वेदप्रमाण, आसवचन या ज्ञान का आधार होना चाहिये जो कि हमारे पास नहीं है। इस विषय में कुतर्क करना भी उचित नहीं होता। प्रमाणिक ग्रन्थों के ही प्रमाण स्वीकार होते हैं। अप्रपाणिक, अमानन्य व हजार वर्ष पुराने ग्रन्थों के प्रमाण स्वीकार नहीं होते। यह भी बता दें कि हमारे पास आज तक बाल्मीकि रामायण या महाभारत का ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिसमें इन महापुरुषों ने कहा हो कि मैं भगवान हूं और मनुष्य मेरी आकृति के समान छोटी व वड़ी मूर्ति वनाकर उसमें कथित मन्त्रों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा कर मेरी पूजा किया करें। यदि ऐसा होता तो फिर महर्षि पतंजालि को योगदर्शन की रचना करने की आवश्यकता नहीं थी और न ही सांख्य व वेदान्त दर्शन आदि की ही आवश्यकता थी। उपनिषदों की व वेदों की भी आवश्यकता उस स्थिति में शायद् नहीं थी।

ऋषि दयानन्द ने १४ वर्ष की अल्पायु में अपने शिवभक्त पिता कर्षनजी तिवारी के कहने पर शिवरात्रि का व्रत किया था। उन्हें शिवरात्रि की महत्ता की पुराण वर्णित कथा सुनाई गई थी। सायं नगर से बाहर एक शिवमन्दिर में उस दिन पिता व अन्य लोगों के साथ पूजापाठ करते हुए रात्रि १२ बजे के कुछ समय बाद जव सभी जो गये थे तो बालक दयानन्द ने देखा कि मन्दिर के भीतर बिलों से कुछ चूहे निकल आये हैं जो शिव की पिण्डी पर भक्तों द्वारा चढ़ायें गये अन्न आदि पदार्थों का भक्षण कर रहे थे। शिवलिंग पर चूहों को बेरोककटोक उछलकूद करते देखा तो उनके मन में प्रश्न व ईश्वरीय प्रेरणा हुई कि यह शिवलिंग सर्वशक्तिमान चेतन सच्चे शिव का स्थानापन्न हीं हो सकता। उनका तर्क था कि जो शिव अपने सिर पर से चूहों तक को भगा नहीं सकता तो वह सर्वशक्तिमान व अपने भक्तों का रक्षक कैसे हो सकता है अर्थात् कदापि नहीं हो सकता।

# कर्मफल सिद्धान्त विषयक
## स्वामी दयानन्द की मान्यताएँ

-अर्जुन देव स्नातक

स्वामी दयानन्द द्वारा रचित 'आर्योद्देश्य रत्नमाला' के अनुसार जो मन, इन्द्रिय और शरीर में जीव ष्टा विशेष करता है, वह कर्म कहाता है। इसके आगे ४९, ५० व ५१ वें रत्न में कर्म के भेद इस प्रकार वर्णित हैं -

१. **क्रियमाण**-जो वर्तमान में किया जाता है, वह कर्म क्रियमाण कहाता है।

२. **संचित**- जो क्रियमाण का संस्कार ज्ञान में जमा होता है, उसे संचित कहते हैं।

३. **प्रारब्ध**-जो पूर्व किये हुए कर्मों का सुख दुःख, रूप फल का भोग किया जाता है, उसे प्रारब्ध कहते हैं।

इसमें स्पष्ट ही सुख-दुःख प्राप्ति पूर्व किये गये कर्मों के अनुसार फल के रूप में वर्णित है। न्याप दर्शन प्र.अ.आ. एक के सूत्र के भाष्य में बाल्यायन मुनि लिखते हैं-

'संसाधन सुखदुःखोपभोग फलम्' तथा अन्यत्र 'सुख दुःख संवेदनम् फलम्।' इन वचनों के अनुसार सुख दुःख की प्राप्ति फल है। यह फल वर्तमान या पूर्व जन्म के कर्मानुसार होता है। सांख्य दर्शन के अनुसार यह दुःख की प्राप्ति आध्यात्मिक, आधि दैविक तथा आधि भौतिक रूप से प्राप्त कर्मानुसार फल के अन्तर्गत है। कुछ विद्वानों की मान्यता है-

'हमें अन्यों द्वारा जाने-अनजाने अन्यायपूर्वक भी सुख-दुःख प्राप्त होता है। यह सुख-दुःख प्राप्त होता है। यह सुख-दुःख हमारे पूर्वकृत कर्मों का ईश्वर प्रदत्त फल नहीं होता' आदि उनकी यह भी मान्यता है-

अन्यों द्वारा दिया सुख दुःख भी ईश्वर प्रदत्त होतो अन्यों का पुण्य अपुण्य, धर्म अधर्म कैसे माना जा सकता है ? और तब कर्मफल व्यवस्था ही नहीं रह पायेगी।

उक्त विचारधारा महर्षि दयानन्द के निम्न प्रमाणों से विपरीत है। सत्यार्थ प्रकाश नवम् समुल्लास में-

१) देखो एक जीव विद्वान्, पुण्यात्मा, श्रीमान् राणी के गर्भ में आता और दूसरा महादरिद्र घसियारी के गर्भ में आता है। एक गर्भ से लेकर सर्वथा सुख और दूसरे को सब प्रकार दुःख मिलता है। दूसरे का जन्म जंगल में होता है, स्नान के लिये जल भी नहीं मिलता। जब दूध पीना चाहता है तब दूध के बदले घूंसा, थपेड़ा आदि से पीटा जाता है। अत्यन्त आर्त स्वर से रोता है। कोई नहीं पूछता। इत्यादि जीवों को बिना पुण्य पाप के सुख दुःख होने से परमेश्वर पर दोष आता है।

इस उदारण में प्रथम को नौकर चाकर द्वारा सुख तथा दूसरे की घूंसा थपेड़ा आदि से प्राप्त दुःख को पुण्य पाप का फल कर्मानुसार ईश्वरीय व्यवस्था से प्राप्त वर्णित है।

२) सत्यार्थ प्रकाश द्वादश समुल्लास में-यदि ईश्वर फल प्रदाता न हो तो पाप के फल दुःख को जीव अपनी इच्छा से कभी भी नहीं भोगेगा। वैसे ही ईश्वर के भुगाने से जीव पाप और पुण्य के फलों को भोगते हैं। अन्यथा कर्म संकर हो जायेंगे। अन्य के कर्म अन्य को भोगने पड़ेंगे।

इस प्रमाण से यह स्पष्ट होता है कि महर्षि कर्मफल कर्मानुसार ही ईश्वरीय व्यवस्था से मानते हैं।

३) एकादश समुल्लास में-पूर्वापर जन्म न मानने से कृतहानि और अकृताभ्यागम, नैर्घृण्य और वैषम्य दोष भी ईश्वर में आते हैं। दूसरा पूर्व जन्म के पाप पुण्यों के बिना सुख दुःख की प्राप्ति इस जन्म में क्योंकर हो ? जो पूर्व जन्म के पाप पुण्यानुसार न हो तो परमेश्वर अन्यायकारी और बिना भोग किये नाश के समान कर्म का फल हो जाये।

यहां पर कर्मानुसार शरीर प्राप्त हुआ किन्तु अन्य के द्वारा अंगभंगादि दुःख प्राप्त हुआ। यह कृतहानि दोष, अकृताभ्यागम बिना कर्म के सुख दुःख प्राप्ति अन्य के द्वारा प्राप्त हो तो सर्वज्ञ पर अकृताभ्यागम दोष होगा। इसी प्रकार अकारण ही अन्य के द्वारा प्राप्त दुःख नैर्घृण्य, दयाहीनता या कठोरता का दोष दयालु ईश्वर पर तथा विषमता असमान व्यवहार करने के कारण ईश्वर पर दोष लगेगा। अतः यही सिद्धान्त उचित है क पूर्वापर कर्मानुसार ही प्रत्येक को सुख दुःख ईश्वर द्वारा प्राप्त होता है। ४) ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका के पुनर्जन्म विषय में महर्षि दयानन्द अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं-

बिना कारणेन कार्य नैव भवतीति दर्शनात्। तथैव न्यायकारीश्वरोऽपि बिना पापपुण्याभ्यां न कस्मैचित् सुखं दुःखं च दातुं शक्नोति। संसारेनीचोच्च सुखि दुःख दर्शनांत् विज्ञयते पूर्वजन्मकृते पापपुण्ये बभूवतुरिति। ५) सत्यार्थ प्रकाश एकादश समुल्लास में-

कर्म और कर्म के फल का कर्ता भोक्ता जीव और कर्मों के फल को भोगाने वाला परमात्मा है। इस आधार पर महर्षि के विचारानुसार है। इसमें ईश्वर की न्यायव्यवस्थानुसार प्राप्ति की प्रमुखता है। महर्षि दयानन्द अपनी लघु पुस्तिका 'वेद विरुद्ध मत खण्डनम्' में इसी तथ्य को इन शब्दों में व्यक्त करते हैं-

६) सर्वदोष निवृन्तिरिति-दोषा निवृता भूत्वा क्व गमिष्यन्ती-तिवाच्यम्। नष्टा भविष्यन्तीति ब्रूयुश्चेत् कदाचिन्नैव नरयेयुः। अन्यकृता पाप दोषा अन्यमनुष्यन्नैव गच्छन्ति किन्तु कर्तैव कृतं शुभाशुभ फलं भुङ्क्ते नान्य कश्चिदिति। (दयानन्द लघु ग्रन्थ संग्रह, समलाल कपूर, ट्रस्ट, पृ.४१९)

स्वामी दयानन्द 'आर्याभिविनय' द्वितीय प्रकाश के सत्रहवें मन्त्र में, जो यजुर्वेद ५.३२ का है-

७) प्रतक्वा शब्द का अर्थ इस प्रकार लिखते हैं- 'नभोऽसि प्रतक्वा' सब के ज्ञाता, सत्यासत्यकारी जनों के कर्मों को सादय रखने वाले कि जिसने जैसा पाप व पुण्य किया हो उसको वैसा फल मिले। इसमें स्पष्ट लिखा है कि अन्य का पुण्य व पाप अन्य को कभी न मिले। इन स्पष्ट वचनों के रहते हुए हमारे सम्माननीय विद्वान् यह कैसे कहते हैं कि हमें अन्यों के द्वारा जाने अनजाने अन्यायपूर्वक भी सुख दुःख प्राप्त होता है। यह सुख दुःख हमारे पूर्वकृत कर्मों का ईश्वर प्रदत्त फल नहीं होता। विचारणीय यह है कि क्या यह अकारण सुख दुःख अन्यों के द्वारा प्राप्त होता है। बिना कारण कार्य होता है ऐसी मान्यता किसी भी आर्ष शास्त्र की नहीं है।

८) सत्यार्थ प्रकाश के त्रयोदश समुल्लास की ७३वीं समीक्षा में- जैसे कि दूसरे को नहीं प्राप्त हो सकता, वैसे ही किसी का किया हुआ पाप किसी के पास नहीं जाता । किन्तु जो करता है, वही भोगता है, यही ईश्वर का न्याय है । यदि दूसरे का किया पाप पुण्य दूसरे को प्राप्त हो अथवा न्यायाधीश स्वयं ले व कर्त्ताओं ही को यथायोग्य फल ईश्वर न दे तो अन्यायकारी हो जाये ।

९) यजुर्वेद २.२८ के भावार्थ में- मनुष्येणेदं निश्चेतव्यं मयेदानीं यादृशं कर्म क्रियते तादृशमेवेश्वख्यवस्थया फलं भुज्यते भोक्ष्यते च । न कि कश्चिदपि जीवः स्वकर्म विरुद्धं फलमधिकं न्यूनं वा प्राप्तुं शक्नोति ।

इससे भी यही स्पष्ट होता है कि समस्त संसार का चक्र कर्मों के आधार पर चला रहा है । सुख के अनेक साधन होने पर किसी दूसरे के द्वारा किसी प्रकार का दुःख प्राप्त हो रहा है तो यह भी कर्म फल के अन्तर्गत है । बिना कारण कार्य नहीं होता है । यह नियम सर्वत्र व्याप्त है ।

१०) सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में-जब दुष्ट कर्म करने वाले जीव ईश्वर की न्याय व्यवस्था से दुःख रूप फल पाते हैं तब रोते हैं है ।

११) सत्यार्थ प्रकाश के द्वितीय समुल्लास में महर्षि दयानन्द कितने स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं-देखो, जब कोई प्राणी मरता है, तब उसका जीव पाप पुण्य के वश होकर परमेश्वर की व्यवस्था से सुख दुःख के फल भोगने के अर्थ जन्मान्तर धारण करता है । क्या इस अविनाशी परमेश्वर की व्यवस्था का कोई भी नाश कर सकता है ।

आश्चर्य है महर्षि के इतने स्पष्ट विचार होते हुए भी यह कैसे स्वकार करते हैं जाने अनजाने कोई भी व्यक्ति हमें सुख दुःख पहुंचा सकता है । यह सुख दुःख हमारे कर्म के अनुसार प्राप्त है, ऐसा नहीं है यह ईश्वर द्वारा प्रदत्त नहीं है । क्या ऐसा मानना ईश्वर की व्यवस्था का नाश नहीं है । क्या इसे अकृताभ्यागम नहीं कहेंगे ।

१२) उपदेश मञ्जरी के जन्म विषयक व्याख्यान में महर्षि कहते हैं- अर्थात् ईश्वर न्यायकारी है और जन्मान्तर के अपराधानुरूप जीवों को वह दण्ड देता है । अर्थात् ईश्वर न्यायकारी है और जन्मान्तर के अपराधानुरूप जीवों को वह दण्ड देता है । अर्थात् जितना ही तीव्र पाप करता है, उतना ही उसे (जीव को) भोगना पड़ता है ।

१३) 'सत्य धर्म विचार' में भी महर्षि लिखते हैं-

और धनाढ्य, कंगाल, सुखी, दुःखी अनेक प्रकार के ऊंच नीच देखने से बिदित होता है कि कर्मों का फल है ।

१४) यजुर्वेद २.२८ मन्त्र के भावार्थ में महर्षि लिखते हैं-

मनुष्य को यही निश्चय करना चाहिये कि मैं अब जैसा कर्म करता हूं वैसा ही परमेश्वर की व्यवस्था से फल भोगता हूं और भोगूंगा । सब प्राणी अपने कर्म से विरुद्ध फल को कभी नहीं प्राप्त होते । इससे सुख भोगने के लिये धर्मयुक्त कर्म ही करना चाहिये कि जिससे कभी दुःख नहीं हो ।

१५) सत्यार्थ प्रकाश के त्रयोदश समुल्लास की ४४वीं समीक्षा में महर्षि अन्य का कर्मफल अन्य को प्राप्त हो, इसे स्वीकार नहीं करते- भला यह किस घर का न्याय है कि जो पिता के अपराध से चार पीढ़ी तक दण्ड देना अच्छा समझना । बिना अपराध किसी को दण्ड देना अन्यायकारी की बात है ।

१६) शास्त्रार्थ मेला चांदपुर में-

और एक आदम ने पाप किया तो उसकी सन्तान पापी हो गई यह सर्वथा असंभव और मिथ्या है । जो पाप करता है वही दुःख पाता है । दूसरा कोई नहीं पा सकता ।

१७) वैशेषिक दर्श ६.१.५ के अनुसार-

**'आत्मान्तरगुणानामात्मान्तरेऽकारणत्वात्'**

एक जीवात्मा के लिये गुणरूप शुभाशुभ कर्मों को दूसरे जीवात्मा को फल देने में कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि जीवात्मा अपने किये पुण्यापुण्य अथवा धर्माधर्म का फल स्वयं भोगता है । मीमांसा दर्शन ६.२.८ का सूत्र है 'अन्यार्ये नाभिसम्बन्ध' अन्य जीवात्मा के किये कर्मों का फल अन्य जीवात्मा को नहीं प्राप्त कर सकता । निश्चय से कर्त्ता को उसका फल मिलता है, यह ईश्वरीय नियम अटल है ।

यह सर्वविदित है कि मतान्ध लोगों ने अनेक यातनाएं देकर ईसा मसीह को प्राण दण्ड दिया । सत्यार्थ प्रकाश त्रयोदश समुल्लास की ६५वीं समीक्षा में महर्षि लिखते हैं-

१८)..... सो ईसा ने न अपने माता पिता की सेवा की और न दूसरों को भी माता पिता की सेवा से छुड़ाए इसी अपराध से चिरंजीवी न रहा । ईशा ने दुसरों को भी माता पिता की सेवा से छुड़ाया इसी कारण दण्ड़ मिला । यह अकारण नहीं है ।

१९) इसी समुल्लास की ७३वीं समीक्षा में-

.... वैसे ही किसी का किया हुआ पाप किसी के पास नहीं जाता किन्तु जो करता है, वही भोगता है । यही ईश्वर का न्याय है । यदि दूसरे का किया पाप पुण्य दूसरे को प्राप्त हो अथवा न्यायधीश स्वयं ले ले व कर्त्ताओं ही को यथायोग्य फल ईश्वर न दे तो वह अन्यायकारी हो जाये ।

२०) स्वामी जी की उक्त मान्यता 'भ्रान्ति निवारण' पुस्तक की भूमिका में स्पष्ट है-

जो मैं संसार ही का भय करता और सर्वज्ञ परमात्मा का कुछ भी नहीं कि जिसके अधीन मनुष्य के जीवन मृत्यु और सुख दुःख हैं तो मैं भी ऐसे ही अनर्थक वाद विवाद में मन देता ।

२१) मेला चांदपुर शास्त्रार्थ का यह वचन ध्यातव्य है-

....सो जब कि ईश्वर के पवित्र बनाये आदम को शैतान ने बिगाड़ दिया और ईश्वर के राज्य में विघ्न करके ईश्वर की व्यवस्था को तोड़ डाला, तो इससे ईश्वर शक्तिमान नहीं रह सकता । .... और एक आदम ने पाप किया, तो उसकी सारी सन्तान पापी हो गई, यह सर्वथा असम्भव और मिथ्या है । जो पाप करता है, वही दुःख पाता है, दूसरा कोई नहीं पा सकता । और भी- 'जो विना पाप पुण्य देखे जिसको चाहे दुःख दे ओर जिसको चाहे सुख, तो ईश्वर में अन्याय आदि प्रमाद लगता है ।'

चिारणीय तथ्य यह है कि कोई अलपज्ञ मनुष्य जो किसी को अपनी स्वेच्छाचारिता से यदि सुख दुःखादि देता है और जिसको यह प्राप्त होता है तो प्राप्तव्य के प्रारब्धानुसार अर्थात् संचित कर्मानुसार ही ईश्वरीय व्यवस्था से प्राप्त होता है । लेख में दिये गये प्रमाणानुसार यही वैदिक सिद्धान्त है ।

एक बात यह समझने योग्य है कि ईश्वरीय व्यवस्था में कर्मफल निश्चित होता है, साधन निश्चित नहीं होते । जब रेलगाड़ी, हवाई जहाज, आवागमन के अन्य अनेक साधन नहीं थे तब भी कर्मफल व्यवस्था लागू था । अतः कर्म फल व्यवस्था में साधन को निश्चित नहीं माना जा सकता ।

# अन्तःकरण व प्राण-अपान का रक्षक प्रभु

-महात्मा चैतन्यस्वामी

**प्राणपा मे अपानपाः, चक्षुषाः श्रोत्रपाश्च । वाचो मे विश्वभेषजो, मनसोऽसि विलायकः ॥** (यजु.२०-३४) हे परमेश्वर ! प्राण का रक्ष अपान का रक्षक, वक्षु का रक्षक और श्रोत्र का रक्षक है, मेरी वाणी के सव रोगों की चिकित्सा करने वाला तथा मन को इन्द्रियों के साथ जोड़ने वाला और आत्मा में लीन कराने वाला तू ही है । जिस प्रकार परमात्मा सारे व्रह्माण्ड का पालन करने वाले हैं, वैसे ही हमारी इस छोटी सी नगरी के भी सजाने-सँवारने और पालन करने वाले प्रभु ही हैं । परमात्मा ने हमें इतना कुछ दिया है कि और कुछ भी माँगने की आवश्यकता ही नहीं है-**विभक्तारं हवामहे दसोश्चित्रस्य राधसः । सवितारं नृचक्षसम्** ॥ (यजु. ३०-४) प्रभु ने हमें कर्मानुसार विभाजित करके वहुत से अद्भुत् साधन दे रखे हैं । आवश्यकता इस बात की है कि हम इनका सदुपयोग करें । प्रभु ने हमें वाणी, हाथ, पैर, उपस्थ और गुदा में पाँच कर्मेन्द्रियाँ दी हैं । इनसे भी अधिक महत्वपूर्ण श्रोत्र, नेत्र, घ्राण, रसना और त्वचा ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ दी हैं और वह प्रभु ही इन सबका रक्षक बताया गया है । इन इन्द्रियों आदि का संचालन प्राण के द्वारा ही होता है इसलिए कहा गया है कि प्रभु आप मेरे प्राण और अपान के रक्षक हैं । मुख्य पाँच प्राणों द्वारा जो संचालन किया जा रहा है वह इस प्रकार है कि प्राण-आँख, कान, मुख, नासिका आदि उर्ध्व अंगों का संचालन करता है । अपान, गुदा, उपस्थ तथा मल त्यागादि की समस्त क्रिया का संचालन करता है । समान-पेट, नाभि, जठराग्नि...भोजनादि के पाचन क्रिया का संचालन करता है । व्यान-हृदय से प्रसूत समस्त नाड़ियों से परिक्रमा कराता हुआ रक्त-शुद्धि का कार्य करता है और उदान १०१ नाड़ियों में से एक द्वारा ऊपर जाने वाले प्राण का नाम उदान है, सूक्ष्म शरीर सहित जीव को भिन्न-भिन्न स्थानों में पहुँचाता है । ब्रह्माण्ड में सूर्य प्राण है । पृथिवी अपान, आकाश समान, वायु-व्यान और अग्नि-उदान है ।

प्रभु ने हमें पाँच कर्मेन्द्रियाँ और पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ दीं जो अत्यंत महत्त्वपूर्ण है मगर इससे भी अधिक महत्त्वपूर्णइ अन्तःकरण भी दिया है । यह मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार है । जिस प्रकार प्रभु प्राण-अपान एवं कर्मेन्द्रियों और ज्ञानेन्द्रियों का रक्षक है उसी प्रकार अन्तकरण का भी प्रभु ही रक्षक है । वही (**मनसः वलायकः असि**) इस मन को इन्द्रियों के साथ जोड़ने वाला और आत्मा में लीन कराने वाला है....यजुर्वेद के ३४वें अध्याय के छः मन्त्रों में इस मन की विलक्षणता और अद्भुत शक्ति का विस्तार से विवेचन किया गया है वहाँ इसे **यज्जाग्रतो**.... जागते हुए ही नहीं बल्कि सोते हुए भी दूर-दूर तक जाने वाला बताया गया है । उसे **हृत्प्रतिष्ठिम्** हृदय में प्रतिष्ठित बताया है । उसे **सुसारथि**-उत्तम सारथी कहा है । उसे **दैवम्** अर्थात् दिव्यता से परिपूर्ण तथा 'देव' अर्थात् आत्मा का प्रमुख साधन बताया है । यहाँ इस बात को इस प्रकार से समझाना चाहिए कि जैसे आँख रूप का उपकरण है वैसे ही मन आत्मदर्शन का उपकरण है । मन को **प्रज्ञानम्**-प्रकृष्ट ज्ञान प्राप्त कराने वाला बताया है । मन के बिना प्रकृष्ट-ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता है क्योंकि आँख देख सकती है, कान सुन सकते हैं मगर आत्मदर्शन केवल मन ही करवा सकता है । आगे इस मन को **चेतः** अर्थात् आत्म-चेतना का साधक बताया है । यह मन ही **धृतिश्च**-धैर्य का साधन है... कहा भी गया है कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत......, इस मन को **अमृतं ज्योतिः**-अमरत्व की ज्योति देने का साधन भी बताया है । मन के उपरोक्त गुणों पर चिंतन और मनन करके हमें मन की इन समस्त शक्तियों का प्रयोग करके अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए । हम मन की इन शक्तियों को पहचान लें तो कोई कारण नहीं कि हम जीवन में स्वयं को निराश, हताश और असहाय अनुभव करें । वास्तव में व्यक्ति अपने भीतर छिपी इन शक्तियों को पहचान हीं नहीं पाता है इसीलिए वह स्वयं को प्रभु का उपासक नहीं बना पाता है और न ही स्वयं को सुरक्षित समझता है... मन को साधने के लिए मन के उपरोक्त गुणों व शक्तियों को पहचानकर उसे सयंमित करना अपेक्षित को पहचानकर उसे सयंमित करना अपेक्षित है । वायु निरंतर वेग से चलता रहता है मगर पृथिवी के परिधि-मण्डल पर आकर रूक जाता है, जल प्रवाह निरंतर बहता है मगर समतल भूमि पर रुक जाता है, वैसे ही मन भी असीम परमात्मदेव के चिंतन में जाकर रुक जाता है ... जो लोग यह कहते हैं कि मन कहीं भी रुकता नहीं है वह उनकी अपनी ही कमजोरी है मन तो रुकता है मगर उसे रोकने अर्थात् दिशा देने की तकनीक आनी चाहिए । गीता तथा योगदर्शन में कहा गया कि मन को अभ्यास और वैराग्य के द्वारा वश में किया जा सकता है ।

उपरोक्त वेद मंत्र में यह भी कहा गया है कि वह परमात्मा ही मन को इन्द्रियों के साथ जोड़ने वाला तथा आत्मा में लीन करने वाला है । वेद में अनयंत्र भी कहा गया है-**इदं सवितर्वि जानीहि षड्यमा एक एकजः । तस्मिन्हापित्वमिच्छन्ते य एषामेक एकजः ॥** (अथर्व. १०-८-५) हे जीव ! तू यह समझ ले कि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और एक मन ये छ-परस्पर जोड़े के रूप में रहने वाले हैं । अकेली आँख नहीं देखती .... मन से मिलकर ही देखने वाली बनती है, कान नहीं सुनता है बल्कि मन से मिलकर वह सुनता है । मगर मन भी उस एक आत्मा के संपर्क में ही कार्य कर पाता है । आत्मा का निवास जब तक है तभी तक इनका कार्यकलाप चलता है, आत्मा के निकल जाने पर इनका संगतिकरण भी विखर जाता है... साधना प्रभु के सुरक्षा कवच में सुरक्षित हुआ जा सकता है और उसके लिए अपनी बुद्धि को भी निर्णयात्मक वनाने की अपेक्षा है । गीता में कहा गया है (**संशयात्मा विनश्यति** गीता ४-४० संश्यग्रस्त बुद्धि वाले का विनाश हो जाता है । विधि और निषेध के रहस्य को पहचानकर उसका अनुपालन करना चाहिए । सत्य बोलो यह विधि है निषेध स्वयं हो गया कि असत्य नहीं बोलना । इसी प्रकार वहाँ जाओ का मतलव यह भी हो गया कि और कहीं मत जाओ । ज्ञान क्रिया से जुड़ा होना चाहिए...जो ज्ञान हमारे कर्म में नहीं आता वह ज्ञान किस काम का ? बहुत से व्यक्ति हैं जो जीवनभर मात्र बड़ी-बड़ी योजनाएँ ही बनाते रहते हैं मगर उन्हें कार्यान्वित करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं करते हैं । इसी प्रकार कुछ लोग मात्र ज्ञान-ग्रहण करने में ही लगे रहते हैं उसे अपने जीवन में धारण नहीं करते हैं । वेद कहता है-**संश्रुतेन गमेमही...** हम सुने हुए उपदेश के अनुसार जीवन बनाएँ.. ज्ञान स्वाभाविक और नैमित्तक दो प्रकार का होता है । आगे नैमित्तक के भी अभावात्मक, संशयात्मक, भ्रमात्मक और निश्चयात्मक ये

चार भेद हैं। यह निश्चयात्मक ज्ञान ही बुद्धि की निर्णयात्मक स्थिति है...गीता के अनुसार अभ्यसायात्मक बुद्धि अनेक विषयों में वा अनेक शाखाओं में बँटी होती है, और व्यवसायात्मक बुद्धि का भाव है कि जो किसी भी संकल्प को पूरा करने के लिए प्रयत्नशील हो जाती है.... इसे ही हम एकाग्रबुद्धि कह सकते हैं। गीता में आगे चलकर इसी को बुद्धि-योग कहा है तथा ऐसा व्यक्ति ी अपने कार्यों को कुशलतापूर्वक कर सकने में समर्थ होता है। इतना ही नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति ही निषक्कामकर्मी भी बनता है।

ऐसा योगी ही जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त होता है और वही 'स्थितप्रज्ञ' बनता है। गीता में अर्जुन के पूछने पर कि ऐसे व्यक्ति का वोलना, बैठना, चलना आदि कैसा होता है, श्री कृष्णजी कहते है कि ऐसा व्यक्ति राग-भय-क्रोध से मुक्त होता है। वह में की भावना का त्यागी होता है। वह प्रज्ञावान होता है और जैसे कछुआ अपने अंगों को अपने ही भीतर समेट लेता है वैसे ही स्थिप्रज्ञ भी अपनी इन्द्रियों को समेट लेता है। वह पूर्णरूप से इन्द्रिय-संयमी हो जाता है...मोह नाम की वस्तु उसे छू तक भी नहीं पाती है इसलिए वह ब्राम्ही-स्थिति का अधिकारी बनता है। वह अपनी समस्त कामनाओं का त्याग कर देता है। इसीलिए वह सुख-दुःख, हानि-लाभ तथा यश-अपयश में सम रहता है। बुद्धि की इस उत्कृष्टता को प्राप्त करना चाहिए। बुद्धि की श्रेष्ठता के सम्बंध में गीता में कहा गया है कि (३-४२) हे अर्जुन !इन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं मगर इन्द्रियों की अपेक्षा मन श्रेष्ठ है और मन की अपेक्षा बुद्धि श्रेष्ठ है, बुद्धि की अपेक्षा वह 'आत्मा' अधिक श्रेष्ठ है। बुद्धि का वर्गीकरण करते हुए गीता में (गी.१८-३०) से ३२) बहुत अच्छा चिंतन दिया है। वहाँ पर तीन प्रकार की बुद्धि बताई गई है-तामसिक, राजसिक और अधर्म को धर्म समझने लगता है। उसकी बुद्धि सबकुछ उल्टा ही देखने लगती है। राजसिक-बुद्धि वाला मनुष्य धर्म-अधर्म तथा कार्य व अकार्य के अस्तित्व को मानता हो है मगर वह उन्हें ठीक-ठीक नहीं समझ पाता है। इन दोनों के विपरीत सात्विक-बुद्धि वाला व्यक्ति धर्म व अधर्म भेद करने की सामर्थ्य रखता है। उसे कार्य-अकार्य की भी पहचान होती है। वह यह भी जानता है कि किससे डरना चाहिए और किससे नहीं, कौन वस्तुएँ आत्मा को बाँधती है और कौन छुड़ाती है उसे इस बात का भी ज्ञान होता है.... इसलिए बुद्धि को तीर्थ कहा गया है।

जहाँ तक चित्त की बात है तो यह चित्त ही है जो भूत एवं भविष्य का स्मरण रखता है। पाँच ज्ञानेन्द्रियों के विषयों अर्थात् गन्ध, रस, रूप, स्पर्श व शब्द का ज्ञान इसी से होता है। मन का संकल्प-विकल्प व्यवहार और बुद्धि का सन्देह व निर्णय जैसे भूतकाल में अनुभव किए, वर्तमान में किए जा रहे हैं और भविष्य में किए जाने वाले हैं या जिन पर लक्ष्य व ध्यान हैं-यो सब चित्त के ही अधीन हैं। वेद में कहा गया है-**येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतमृतेन सर्वम्। येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु॥** अर्थात् इस चित्त के द्वारा ही सप्तहोताओं अर्थात् दो कानों दो आंखों, दो नासिका छिद्रों और मुख का कार्य चलता है। जो व्यक्ति अयुक्त कर्मों का बुरा फल तथा पुड्य कर्मों का श्रेष्ठ फल भूल जाता है (भूतकाल) उसका वर्तमान कभी नहीं बना करता है। जो अपने भूतकाल की गलतियों से किसी प्रकार का सबक नहीं लेता है और अपने भविष्य की नहीं सोंचता उसका वर्तमान भी नहीं बनता है। पिछले निकृष्ट कर्मों का त्याग और पुण्यकर्मों का अचारण करके अपने वर्तमान को बनाने वाला ही सुखी है। मगर उपयोग तो अपने वर्तमान का ही करना है क्योंकि भूत चला गया और भविष्य अभी आने वाला है, उन्हें पकड़ना कठिन है मगर वर्तमान को हम पकड़ सकते हैं... अन्तःकरण का चौथा तत्त्व अहंकार बताया गया है। इसके दो भाव हैं एक तो अहं-भाव और दूसरा मम-भाव। प्रभु की उपासना करने वाले तथा उसके रक्षण में जाने वाले व्यक्ति को अपने अहं-भाव का त्याग करना चाहिए और अपने का सदुपयोग करेंगे तो निश्चित् ही प्रभु हमारे रक्षक बन जाएँगे....



**"I have travelled across the length and breadth of India and I have not seen one person who is a beggar, who is a thief such wealth I have seen in this country, such high moral values, people of such caliber, that I do not think we would ever conquer this country, unless we break the very backbone of this nation, which is her spiritual and cultural heritage and therefore, I propose that we replace her old and ancient education system, her culture, for if the Indians think that all that is foreign and English is good and greater than their own, they will lose their selfesteem, their native culture and they will become what we want them, a truly dominated nation".**

*Lord Macaulay's Address to the British Parliament on 2nd Feb 1835*

# सफलता का मार्ग

-प्रो. उमाकान्त उपाध्याय

**यज्ञस्य चक्षुः प्रभृतिर्मुखं च वाचा श्रोत्रेण मनसा जुहोमि ।**
**इमं यज्ञं विततं विश्वकर्मणा देवायन्तु सुमनस्यमानाः ॥** अथर्व २-३५-५

**शब्दार्थः-यज्ञस्य** = यज्ञ का, जीवन का, **चक्षुः** = दर्शन शक्ति, **मुखम्** = मुख, खाने का साधन, **प्रभृति :** = भरण-पोषण करने वाला, वाचा श्रोत्रेण मनसा = वाणी, कान, मन के द्वारा, **जुहोमि** = आहुति देता हूँ, **इमं यज्ञम्** = इस जीवन यज्ञ को, **विततम्** = विस्तृत किया है, **विश्वकर्म्मा** = विश्वकर्ता ने **देवा :** = दिव्य भावना वाले, **आयन्तु** = आवें, शामिल हों, **सुमनस्यमाना :** = सुमनस्कतापूर्वक

**भावार्थ :** जीवन यज्ञ का भरण पोषण चक्षु और मुख से होता है । मैं वाणी, कान और मन से आहुति देता हूँ । इस जीवन यज्ञ का विस्तार विश्वकर्मी प्रभु ने किया है । इस जीवन यज्ञ में प्रसन्नता पूर्वक सम्मिलित होने के लिए हम दिव्य भाव से सम्पन्न पुरुषों को आमंत्रित करते हैं ।

**विचार बिन्दुः**

१) 'जीवन यज्ञमय है' का भाव ।
२) जीवन यज्ञ का विस्तार विश्वकर्मा का प्रसाद है ।
३) हमारे अन्तः-करण और बाह्यकरण इस यज्ञ में निस्वार्थ आहुति दें ।
४) दिव्यभावना वाले देवों का आशीर्वाद मिले ।

**व्याख्या**

प्रस्तु मंत्र में हमारे जीवन को यज्ञ के रूप में प्रस्तुत किया गया है । हमारा जीवन यज्ञमय है । वेद में कहा गया है- 'क्रतुमयोऽयं पुरुषः' यह पुरुष यज्ञमय है । यज्ञ में अग्नि जलाते हैं और उसमें हवनीय द्रव्यों की आहुति देते हैं । यज्ञ के तीन अंग हैं देव पूजा, संगतिकरण और दान । हमारे जीवन में देव पूजा, संगतिकरण और दान का बड़ा महत्त्व है ये ही यज्ञ के अंग हैं । हमारे जीवन रूपी यज्ञ का भरण०पोषण वाणी और मुख से होता है । हमारे जीवन यज्ञ का विस्तार प्रभु विश्वकर्मा ने किया है ।

हमारा जीवन विश वकर्मा का प्रसाद है । प्रसाद के साथ कुछ भावनाएँ जुड़ी हैं । प्रसाद के साथ हमारा ममत्व नहीं होना चाहिए । प्रसाद तो भगवान का है । भगवान ने प्रसन्न होकर हमें प्रसाद दिया है । प्रसाद का तो अर्थ ही है-प्रसन्नता- 'प्रसादस्तु प्रसन्नता' । प्रसाद के साथ एक भावना बाँट कर खाने की भी है । हमारा जीवन केवल हमारे लिए नहीं है, यह सारे संसार के लिए है । हम अपनी योग्यता, क्रियाशीलता को सारे संसार के लिए प्रभु का प्रसाद समझें । हम आँख और मुख से जीवन का भरण-पोषण करते हैं । आँखें ज्ञान-इन्द्रियों का प्रतीक हैं तो मुख कर्म-इन्द्रियों का प्रतीक है । इन्हीं ज्ञान और कर्म इन्द्रियों से अपने इस जीवन रूपी यज्ञ में निःस्वार्थ होकर आहुति दें । ज्ञान-इन्द्रियों से ज्ञान का अर्जन करके हम कर्म इन्द्रियों से कर्म करते हैं ।

हमारे कार्य करने के दो तरह के उपकरण हैं । जिन्हें हम बाह्यकरण या बहिष्करण और अन्तःकरण में मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये चार तत्त्व हैं । इन सारे उपकरणों से हम इस जीवन यज्ञ को सफल बनाते हैं । इन्हीं उपकरणों से जीवन यज्ञ में आहुति दी जाती है ।

यज्ञ में हवि की आहुति दी जाती है । मंत्र में कहा है कि हम वाणी, कान और मन से इस यज्ञ में आहुति देते हैं । हमारे यज्ञों में सुमनस्कता अर्थात् सुमनता की हवि होनी चाहिए । सुमन का अर्थ है पुष्प । सुमन कोमल होता है, सुगंधित होता है, और मधुमय होता है । हमारी वाणी में कोमलता हो, कठोरता और कटुता न हो । हमारी वाणी में मधुरिमा हो और हमारी वाणी से संसार में सुन्दरता का विस्तार हो ।

हमारे कान मधुर सुनें और कटु सुनने का अभ्यास हममें न हो । कटु, कुत्सित, चापलूसी, झूठ आदि सुनने से हमारे कान बचें । हमारे कानों में भी सुमनता हो । मंत्र में मन को भी आहुति का उपकरण बनाया है । हमारे जीवन के दो पक्ष हैं-एक तो है क्रिया-पक्ष और दूसरा है-चिन्तन-पक्ष जो मन का काम है । हमारे कर्म भी दो प्रकार के हैं-एक कृत-कर्म और दूसरे हमारे मानसिक-कर्म । सभी कार्यों का आरम्भ मन से ही होता है । जो कार्य हम कर डालते हैं वह हमारे कृत कर्म हैं और जिन कामों को हम केवल सोचते हैं वह हमारे मानसिक कर्म हैं ।

जीवन की सच्चाई यह है कि जैसा हमारे मन में आता है, वैसा ही हम बोलते हैं, और जैसा हम बोलते हैं, वैसा ही हम कर्म भी करते हैं । ऋषियों ने बताया है-इसकाभाव यह हुआ कि हमारे कृत-कार्यों का बीज हमारे मानसिक-चिन्तन में बो दिया जाता है । अतः हम इस जीवन यज्ञ में पुण्यमयी मानसिक आहुतियाँ दें । अर्थात् हम अपने मानसिक जीवन में न पाप का चिन्तन करें, न पाप के संकल्प उठने दें । इसके लिए मंत्र में एक प्रार्थना की गई है कि हमारे जीवन यज्ञ में सुमनस्कता सम्पन्न दिव्य भावना वाले देव पुरुष आवें और हमें दिव्य-भावना का ही उपदेश करें ।

दुर्योधन को सलाह देने वाला कर्ण और शकुनि था । दुर्योधन यदि कभी न्याय-संगत सोचता भी था तो कर्ण और शकुनि उसके चिन्तन को ईर्ष्या-द्वेष से भर देते थे । ऐसे कुटिल लोग हमारे जीवन में न आवें । प्रार्थना यह है कि हमें जिनका संग-साथ मिले वे सुचरित्र, सुविचारी, हों । हमें जो उपदेश मिले वह सुमनस्कता, सदाशयता का उपदेश मिले ।

हमारे यज्ञ-मय जीवन को सफल बनाने के लिए भगवान ने हमारे भरण-पोषण के लिए दिव्य गुण सम्पन्न आँख और मुख दिए हैं । न हम कुदृश्य देखें, न कुखाद्य खाएँ, न दुष्ट श्रवण करें और देवताओं से यही प्रार्थना करें कि हमें दिव्य उपदेश मिलें जिससे विश्व कर्मा द्वारा निर्मित हमारा जीवन-यज्ञ सुमन और सुफल हो ।

**'यन्मसा मनुते, तद्वाचा वदति ।**
**यद् वाचा वदति, तत्कर्मणा करोति ॥**
**यत् कर्मणा करोति, तदभि सम्पद्यते ॥'**

अर्थात् हम मन में जैसा सोचते हैं वैसा

ही वाणी से बोलते हैं। जैसा बोलते है, वैसा ही कर्म करते हैं। जैसा कर्म करते हैं वैसा ही हमारा जीवन हो जाता है।

हमारा जीवन एक यज्ञ है। इसके रचयिता विश्वकर्मा परमेश्वर हैं। मुख, नाक, आंख आदि सभी अंग-देव पूजा, संगतिकरण और दान से सम्पन्न हों।

शरीर में प्राण सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। पाँचों कर्मेन्द्रियाँ, पाँचो ज्ञानेन्द्रियाँ और मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, चारों अन्तःकरण प्राण के सहयोग पर ही अपना-अपना कार्य कर पाते हैं। प्राण सबमें ज्येष्ठ, श्रेष्ठ और वरिष्ठ है।

उपनिषद् में एक कथा आती है। एक बार इन्द्रयों ने अपनी महिमा का बखान करना आरम्भ कर दिया। आँख, कान, नाक सभी अलग-अलग कहने लगे कि मैं ही सबसे बढ़कर हूँ। उनका अहंकार देखकर प्राण ने कहा कि तुम लोग मोह में मत पड़ो, हमारे सहयोग के बिना तुममें से कोई भी कुछ न कर पाएगा। जब इन्द्रियों ने प्राण की बात पर अवश्विास किया तो प्राण ने कहा कि जिसका मन करे वह शरीर छोड़कर चला जाए। आँख चली गई, पर शरीर चलता रहा। कान चला गया तो भी शरीर चलता रहा। बारी-बारी से सारी इन्द्रियाँ गईं और आयीं पर शरीर चलता रहा। अब प्राण ने कहा कि अब आप लोग सँभलकर रहिए, अब मैं जा रहा हूँ। जैसे ही प्राण जाने लगा, आँख चिल्लाई-हमको कुछ नहीं दिखाई पड़ रहा है। कान बोला-मैं भी नहीं सुन पा रहा हूँ, सारी इन्द्रियाँ प्राण से प्रार्थना करने लगीं-आप मत जाइए, हमारा कल्याण करिए, हमारी रक्षा करिए। वे प्राण की स्तुति करने लगीं।

**'प्राणस्येदं वशे सर्व त्रिदिवे सत्प्रतिष्ठितम्।**
**मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च**
**विधेहि न इति ॥'**

अर्थात् तीनों लोकों में जो कुछ है वह सब कुछ प्राणों के ही वश में है। हे प्राणदेव! जैसे माता पुत्रों की रक्षा करती है, वैसे ही आप हमारी रक्षा करिए और हमें श्री, कांति, प्रज्ञा, सब प्रदान करिए। आप हमारे पूज्य हैं, हम आपके आधीन हैं।

यह हुआ जीवन यज्ञ में देव-पूजन का भाव। अब थोड़ा सा संगतिकरण और दान पर भी विचार करते हैं।

प्रभु ने हमारे शरीर में अद्‌भुत संगतिकरण किया है। एक उदाहरण लेते हैं-आँखों ने एक प्यारा सा, सुन्दर आम देखा। आँखों ने मन को सूचना दी, चित्त ने आम की सुगन्ध, स्वाद और स्पर्श को संबद्ध इन्द्रियों को सूचित किया। नाक, रसना आदि में स्फुरण हुआऔर संबन्धित ग्रन्थियों से प्रतिक्रिया आर्‌भ हो गई। आम खाया गया, पेट में जठराग्नि ने पचाया, रक्त, मांस, ओज, तेज सब अपनी-अपनी जगह पर अपना अंश प्राप्त कर रहे हैं और जो उपयोग में न आ सका वह मल-मूत्र रूप में बाहर चला गया। कैसा अद्‌भुत समन्वय सामंजस्य और दान का उदाहरण है। कोई अंग कुछ संचय नहीं करता। सब अपना कार्य करके आगे के लिए दान कर देते हैं।

हृदय तो अशुद्ध रक्त का हरण करके शुद्ध करता है, शुद्ध रक्त को सारे शरीर को दान करके गति पहुँचाता है। हृदय के तीनों अक्षर बताते हैं-हृ-हरण करना, द-दान करना, य-गति करना। यह भी संगतिकरण और दान का अद्‌भुत उदाहरण है।

शरीर के यज्ञ रूप को विश्वकर्मा ने अद्‌भुत बनाया है। कल्पना करते हैं कि शरीर में आँख, कान, नाक, पेट या नाखून-कहीं पीड़ा हो रही है। वैद्य या डॉक्टर ने एक छोटी सी गोली खाने को दी और उसका प्रभाव शरीर के उसी स्थान विशेष पर पड़ता है और पीड़ा दूर हो जाती है। यह भी विश्वकर्मा भगवान की व्यवस्था में समन्वय और दान का कितना सुन्दर उदाहरण है।


एक्यूप्रेशर (Accupressure) के सिद्धान्त से हाथ और पैर के विशेष-विशेष बिन्दुओं से सम्पूर्ण शरीर के विशेष-विशेष अंगों का संबंध प्रकट होता है। यह भी शरीर के विभिन्न अंगों में समन्वय सामंजस्य का विलक्षण स्वरूप है।

हमारा जीवन परमेश्वर ने यज्ञ रूप बनाया है और परमेश्वर के इस यज्ञ को हम देवताओं का दिव्य यज्ञ बनाएँ, यह हमारा परमपुनीत कर्त्तव्य है।

# వానప్రస్థి చిన్నయ్య కన్నుమూత

## వేయికిపైగా కులాంతర వివాహాలు చేసిన పాలమూరు జిల్లా వాసి

### ఆర్య ప్రతినిధి సభ నుండి చిన్నయ్య గారికి వినమ్ర శ్రద్ధాంజలి



ఆర్య సమాజ్‌లో సుదీర్ఘకాలం పురోహితుడిగా పనిచేసి, వేయికిపైగా కులాం తర వివాహాలు చేసిన పాలమూరు జిల్లా వాసి, రిటైర్డ్ హెడ్‌మాస్టర్ వానప్రస్థి చిన్నయ్య (94) సోమవారం తేది 15-01-2018న జిల్లా కేంద్రంలో మరణించారు. ప్రభుత్వ ఉపాధ్యాయుడిగా పనిచేస్తూనే ఆర్య సమాజ్ వ్యాప్తికి సుదీర్ఘ కాలం పనిచేసిన వారిలో చిన్నయ్య గారు ఒకరు. ఆర్యసమాజంలో బ్రహ్మచర్యం, గృహస్థ్యం, వానప్రస్థ్యం, సన్యాసం ఆశ్రమాలు ఉంటాయి. అందులో చిన్నయ్య వానప్రస్థి స్వీకరించటంతో ఆపేరు ఆయనకు స్థిరపడింది. పండిత్ గణపత్ రావు శాస్త్రి నుండి 1952లో యజ్ఞోపవిత ధారణ చేశారు. ఆర్య సమాజ్‌లో 1970లో పౌరహిత్యాన్ని స్వీకరించారు. వానప్రస్థ ఆశ్రమ దీక్షను 1984 లో స్వీకరించారు. నేచురోపథి వైద్య కోర్సును 1984లో పూర్తి చేశారు. ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ వైపున ప్రాంతంలోని ఆర్య సమాజాలలో వేద ప్రచారము చేసేవారు. చిన్నయ్య గారు సుదీర్ఘకాలం సేవలను అందించినందుకు ఆర్యప్రతినిధి సభ వారికి కృతజ్ఞతను తెలుపుచున్నది. సభ వైపున వారికి వినమ్ర శ్రద్ధాంజలి. ఆయనకు భార్య, ఇద్దరు కుమారులు, నలుగురు కూతుళ్లు ఉన్నారు. తన దగ్గరికి సహాయం కోరి వచ్చిన వారికి కాదనకుండా తోచినంత సహాయం చేసేవారని ఆయనకు పేరున్నది.

# नारी-सम्मान- सभ्य समाज की पहली शर्त



*यत्र नारी पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता।* नारी का सम्मान सभ्य समाज की पहली शर्त है। बच्चियों/महिलाओं की सुरक्षा राष्ट्रहित के लिये सर्वोपरि है। समाज में लिंगभेद के नाम पर असमानता विध्वंस का परिचायक है। 21वीं शताब्दी पुरुष व महिलाएं समतुल्यता की ओर अग्रसर हैं। जिस समाज में बच्चियों, महिलाओं को परस्पर समानता का भाव दिया जाता है, उसी का उत्थान होता है, अन्यथा पशु प्रवृति बर्बर होने का परिचायक है। जिस तरह अनेक कारकों के चलते समाज में लिंगानुपात में कमी दिन-प्रतिदिन देखी जा रही है, एक दिन इसकी भयावहता से सभी परिचित होंगे। देश मे बच्चों व महिलाओं दोनों के साथ अन्याय/हिंसा तेजी से बढ़ते दिख रहे हैं। छोटी-छोटी बच्चियां यौन-उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। बच्चियों व महिलाओं, दोनों की स्थितियां कमोवेश एक जैसी है। यह सभ्य समाज के लिये सही नहीं। इसके घातक दुष्परिणाम सभी को भुगतने होंगे। जिस देश की संस्कृति में नारियों की पूजा की जाती रही है, वहां बच्चियों व महिलाओं की अस्मिता खतरे में है। लिंगभेद के नाम पर जन्म से पूर्व भ्रूण-हत्या से लेकर जीवन के अंतिम समय तक के झंझावातों को महिलाएं झेलती रहती हैं। वे सहनशीलता का दूसरा नाम हैं, पर आज समाज की स्थिति देखकर मन असंतुष्ट हो रहा है। आज महिलाओं को उपभोग की दृष्टि से देखा जा रहा है।

पौराणिक किवदंतियों में महिलाओं को हमेशा भारत में सम्मान की नजर से देखा जाता रहा। पूजन की परंपरा भारतीय समाज में देखी जाती रही, जिसका निकृष्ट रूप वर्तमान समय में देखा जा रहा है। समाज में पितृ सत्तात्मक साम्राज्य रहा है, जिस कारण अत्यधिक महिलाओं पर हिंसा होती रही। हिंसा का रूप शारीरिक, भावात्मक, संवेगात्मक रहा है। लिंगभेद के नाम पर भी समाज में पूर्वाग्रह देखा जाता है। यह बहुत बड़ी समस्या है। सामान्यतः बच्चियां कम उम्र से ही परिवार में उपेक्षित कर दी जाती हैं। लड़के व लड़की के बीच माता-पिता परवरिश के तौर-तरीके में अंतर कर देते हैं। एक लड़की के अंतर्मन पर क्या बीतती है, जब वह जन्म देने वाले माता-पिता के प्यार, सहकार, मातृत्व से लिंगभेद के नाम पर छली जाती हैं। यहीं से इनमें सहनशीलता के भाव में संबलता दिखती है, पर बच्चियां बचपनावस्था से लेकर युवावस्था तक आने के दौर तक हमेशा तकलीफ के मंजर में होती हैं। वयस्क होने तक अनेक तरह की परेशानियां झेलते हुए विवाह के समय दहेज प्रथा के नाम पर शोषित होती हैं और अपने पति, सास, ननद से विभिन्न रूपों में प्रताड़ित होती रहती हैं।

यह अच्छा संयोग है कि वर्तमान समय मे पितृ सत्तात्मक के साथ साथ मातृ सत्तात्मक परिवेश भी दिख रहा है, जिससे पिता के साथ आज माताएं भी कार्य कर रही हैं। 21वीं शताब्दी में महिलाओं में स्वावलंबी होने की अत्यधिक प्रवृति दिख रही है, जो एक अच्छी पहल का द्योतक है। सरकार भी महिला सशक्तीकरण पर जोर दे रही है। महिलायें यह जान चुकी हैं और जागरुक हो चुकी हैं कि वे परावलंबी रहेंगी तो पुरुष-प्रधान समाज फिर अपना प्रभुत्व दिखायेगा। इसलिये आज परम्परावादी सोच को दरकिनार करते हुए हाथ से हाथ मिलाकर नारी-सशक्तीकरण व समुचित सम्मान की आवश्यकता है। यही वक्त का तकाजा भी है। हां, इतना जरूर हो कि महिलायें स्वचंछदता के नाम पर अपनी चारित्रिक-मर्यादा जरूर बनाकर रखें, ताकि भारतीय सभ्यता-संस्कृति में नारी-सम्मान का भाव सदैव बना रह सके।

**डा. प्रभाकर कुमार,**
(सदस्य, बाल कल्याण समिति, बोकारो।)

# आर्य पर्वों की सूची

## विक्रमी सम्वत् २०७४-७५ तदनुसार सन् २०१८ ई.

| क्र.सं. | पर्व नाम | चन्द्र तिथि | सम्वत् | अंग्रेजी तिथि | दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | मकर संक्रान्ति | माघ वदी-१३ | २०७४ | १४-०१-२०१८ | रविवार |
| २. | वसन्त पंचमी | माघ सुदी-१५ | २०७४ | २२-०१-२०१८ | सोमवार |
| ३. | सीताष्टमी | फाल्गुन बदी-८ | २०७४ | ०८-०२-२०१८ | गुरुवार |
| ४. | महर्षि दयानन्द जन्म दिवस | फाल्गुन बदी-१० | २०७४ | १०-०२-२०१८ | शनिवार |
| ५. | ऋषिबोधोत्सव (शिवरात्रि) | फाल्गुन बदी-१३ | २०७४ | १३-०२-२०१८ | मंगलवार |
| ६ | लेखराम तृतीया | फाल्गुन सुदी-३ | २०७४ | १८-०२-२०१८ | रविवार |
| ७. | मिलन पर्व/नवसंस्येष्टि (होली) | चैत्र बदी-१ | २०७४ | ०२-०३-२०१८ | शुक्रवार |
| ८. | आर्य समाज स्थापना दिवस (नव-सम्वत्सर) | चैत्र सुदी-१ | २०७५ | १८-०८-२०१८ | रविवार |
| ९. | रामनवमी | चैत्र सुदी-९ | २०७५ | २५-०३-२०१८ | रविवार |
| १०. | वैशाखी | वैशाख बदी-१३ | २०७५ | १४-०४-२०१८ | शनिवार |
| ११. | हरि तृतीया (हरियाली तीज) | श्रावण सुदी-१५ | २०७५ | १३-०८-२०१८ | सोमवार |
| १२. | श्रावणी उपाकर्म (रक्षा बन्धन) | श्रावण सुदी-१५ | २०७५ | २६-०८-२०१८ | रविवार |
| १३. | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी | भाद्रपद बदी-८ | २०७५ | ०३-०९-२०१८ | सोमवार |
| १४. | विजयदशमी/धसहरा | आश्विन सुदी-१० | २०७५ | १९-१०-२०१८ | शुक्रवार |
| १५. | गुरुवर स्वामी विरजानन्द दण्डी जन्म दिवस | आश्विन सुदी-११ | २०७५ | २०-१०-२०१८ | शनिवार |
| १६. | महर्षि दयानन्द निर्वाण दिवस (दीपावली) | कार्तिक बदी-१५ | २०७५ | ०७-११-२०१८ | बुधवार |
| १७. | स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस | पौष सुदी-१ | २०७५ | २३-१२-२०१८ | रविवार |

Dateof Publication 2nd & 17th of every Month, Date of posting 3rd and 18th of every month

आर्य जीवन 18-01-2018 Registered-Reg. No. HD/783/2018-20 RNI No. 52990/93

# ఆర్యజీవన్

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Editor: **Vithal Rao**, M.Sc. LL.B., Sahityaratna

Arya Prathinidhi Sabha AP-Telangana, Sultan Bazar, Hyderabad-95.

Phone No. 040-24753827, 66758707, Fax : 040-24557946

Request to donate Rs. 250/- సంపాదకులు : విఠల్ రావు, మంత్రి సభ

To,

**स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ टिटौली रोहतक में आयोजित वैदिक विरक्त सम्मलेन में सभा मंत्री विठ्ठल राव आर्य का सम्मान करते हुए सांसद स्वामी सुमेधानन्द जी सरस्वती सीकर, स्वामी ओम्वेशजी पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, स्वामी प्रणवानन्द जी एवं स्वामी आर्यवेश जी तथा विरजानन्दजी और अन्य । नीचे चित्र में विरक्त सम्मेलन भाग लिए संन्यासी वृंद का सामूहिक चित्र**






THE VIEWS & THE NEWS PUBLISHED IN THIS ISSUE MAY NOT NECESSARILY BE AGREEABLE TO THE EDITOR

*Editor :* Vithal Rao Arya ● Email : acharyavithal@gmail.com, Mobile : 09849560691

సంపాదకులు : శ్రీ విఠల్‌రావు ఆర్య మంత్రి సభ, ఆర్యప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ, సుల్తాన్‌బజార్, హైదరాబాద్-95. Ph: 040-24753827, Email:acharyavithal@gmail.com

संपादक : श्री विठ्ठलराव आर्य मंत्री सभा ने सभा की ओर से समता आकृति प्रिन्टर्स में मुद्रित करवा कर प्रकाशित किया ।

प्रकाशक: आर्य प्रतिनिधि सभा आं.प्र.-तेलंगाना, सुल्तान बाजार, हैदराबाद तेलंगाना-500095.